दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 20 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-302 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रान ने दुनिया के 90 देशों में कोहराम मचाने के साथ ही भारत में भी शतक जड़ दिया है। इसके बाद भी न तो सरकार इसे गंभीरता से ले रही है और न ही जनता सावधानी बरत रही है। चिकित्सा विशेषज्ञ ओमिक्रॉन के बढ़ते खतरे को लेकर आगाह कर रहे हैं और देश में कोरोना की तीसरी लहर आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इसके बावजूद किसी के कानों में जूं नहीं रेंग रही है। दरअसल प्यास लगने पर ही कुंआ खोदने की हमार प्रवृत्ति ही घाव को नासूर बनाती रही है। फिर हाय तौबा मचाई जाती है।

सूर्योदय

उदय : 7:09 प्रात:

अस्त : 5:28 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,944,880,442

भारत : 1,407,459,580

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 48,680 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.11 प्रति नग

दिवस

अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस

अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस प्रत्येक वर्ष 20 दिसंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। एकता का संदेश देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने 20 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित किया है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस का उद्देश्य है लोगों को विविधता में एकता का महत्व बताते हुए जागरूकता फैलाना।

8 लाख 5 हजार मतदाता आज करेंगे 1733 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

■ 10 जिलों के 15 निकायों में आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज 10 जिलों के 15 नगरीय निकायों में मतदान होना है। 8 लाख 5 हजार 316 मतदाता 1733 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक लोग मतदान करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से नगरीय निकाय व उप चुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। 1037 बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। 15 नगर पालिकाओं के कुल 370 वार्डों में चुनाव होंगे और 16 नगरीय निकायों के 17 वार्डों का उप चुनाव होगा। नगर पालिकाओं में 3 लाख 87 हजार 530 पुरूष, 3 लाख 90 हजार 843 महिला, 47 अन्य मतदाताओं की संख्या हैं। कुल मतदाताओं की तादाद 7 लाख 78 हजार 420 है। उप निर्वाचन में 13 हजार 225 पुरूष मतदाता, 13 हजार 668 महिला मतदाता, 03 अन्य मतदाताओं को मिलाकर कुल संख्या 26 हजार 896 है। आज मतदान के बाद, इसकी मतगणना 23 दिसंबर को होनी है।

चुनाव क्षेत्रों में रहेगा सामान्य अवकाश

नगर पालिकाओं के आम एवं उप निर्वाचन के दौरान ऐसे सभी नगरीय निकाय जहां 20 दिसंबर यानी आज मतदान होगा उन सभी निर्वाचन क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। साथ ही कल-कारखानों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए मतदान दिवस पर अवकाश निर्धारित है। लेकिन जिन कारखानों में सातों दिन कार्य किये जाते हैं वहां प्रथम पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो घंटे का अवकाश का निर्देश दिया गया है। वहीं जिस कारखाने में प्रक्रिया अनवरत चलती है। वहां श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान की सुविधा देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

कोरोना गाइडलाइन का होगा पालन

राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्देश के अनुसार मतदान के 3 दिन पहले संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के कोविड-19 संक्रमित मरीजों की सूची स्वास्थ्य विभाग से लेने के लिए कहा गया है। यदि कोई कोविड-19 संक्रमित मरीज मतदान करना चाहता है तो उसे पीपीई किट में मतदान समाप्ति के एक घंटे पूर्व उपस्थित होना होगा। कोविड संक्रमित मतदाताओं को पीपीई किट की व्यवस्था खुद ही करनी होगी। सभी केंद्रों में मास्क और सैनिटाइजर रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी ध्यान रखने कहा गया है। जिसके लिए मतदाताओं से अभी से ही लगातार अपील की जा रही है।

कम वक्त में की गोवा ने लंबी दूरी तय : पीएम

गोवा मुक्ति दिवस पर पीएम ने दी करोड़ों की सौगात

पणजी (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को गोवा पहुंचे। गोवा मुक्ति दिवस के अवसर पर उन्होंने पुनर्निमित फोर्ट अगुआड़ा कारागार संग्रहालय, गोवा चिकित्सा महाविद्यालय में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक, न्यू साउथ गोवा जिला अस्पताल, मोपा हवाई अड्डे पर विमानन कौशल विकास केंद्र और डावोरलिम-नावेलिम, मडगांव में गैस इंसुलेटेड उपकेंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर परिकर को याद किया। उन्होंने कहा कि परिकर न केवल गोवा को विकास की नई ऊंचाई तक पहुंचाया, बल्कि गोवा की क्षमता का भी विस्तार किया। गोवा के लोग कितने ईमानदार, प्रतिभावान और मेहनती होते हैं, देश गोवा के चरित्र को मनोहर जी के भीतर देखता था। उन्होंने कहा कि मैं कुछ समय पहले इटली और वैटिकन सिटी गया था, वहां मुझे पोप फ्रांसिस से मुलाकात का भी अवसर मिला। मैंने उन्हें भारत आने के लिए आमंत्रित भी किया। तब पोप फ्रांसिस ने कहा था कि ये सबसे बड़ा उपहार है जो आपने मुझे दिया, ये भारत की विविधता, वाइब्रेंट डेमोक्रेसी के प्रति उनका स्नेह है। उन्होंने कहा कि गोवा मुक्ति विमोचन समिति के सत्याग्रह में 31 सत्याग्रहियों को अपने प्राण गंवाने पड़े थे। आज मैं इस अवसर पर ये भी कहूंगा कि अगर सरदार पटेल साहब कुछ वर्ष और जीवित रहते तो गोवा को अपनी मुक्ति के लिए इतना इंतजार नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि गोवा की धरती को, गोवा के समंदर को प्रकृति का अद्भुत वरदान मिला हुआ है। आज सभी गोवा के लोगों का ये जोश, गोवा की हवाओं में मुक्ति के गौरव को और बढ़ा रहा है। आज आपके चेहरों पर गोवा के गौरवशाली इतिहास का गर्व देखकर मैं भी आपके जितना ही खुश हूं। आनंद में हूं। मुझे बताया गया कि यह जगह बहुत छोटी पड़ गई तो बगल में दो पंडाल बनाए गए और बाकी लोग वहां बैठे हुए हैं। आज गोवा न केवल अपनी मुक्ति की डायमंड जुबली मना रहा है, बल्कि 60 वर्षों की इस यात्रा की स्मृति भी हमारे सामने है। हमारे सामने आज हमारे संघर्ष और बलिदानों की गाथा भी है। हमने कम समय में एक लंबी दूरी तय की है। सामने जब इतना कुछ गर्व करने के लिए हो तो भविष्य के लिए संकल्प खुद ब खुद बनने लग जाते हैं। एक और सुखद संयोग है कि गोवा की आजादी की यह जुबली आजादी के अमृत महोत्सव के साथ मन रही है। इसलिए गोवा के सपने और गोवा के संकल्प आज देश को ऊर्जा दे रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि अमृत महोत्सव में देश ने हर एक देशवासी को सत्ता प्रयास का आह्वान किया है। गोवा का मुक्ति संग्राम इस मंत्र का बड़ा उदाहरण है। अभी मैं आजाद मैदान में शहीद मेमोरियल को देख रहा था। इसे चार हाथों की आकृतियों से आकार दिया गया है। यह प्रतीक है कि कैसे गोवा की मुक्ति के लिए देश के चारों कोनों से हाथ गुंथे हुए थे। आप देखिए गोवा एक ऐसे समय में पुर्तगाल के अधीन गया था, जब देश के दूसरे बड़े संभाग में मुगलों की सल्तनत थी। तबसे सत्ताओं की कितनी उठापटक हुई। लेकिन समय और सत्ताओं की उठापटक के बाद भी न गोवा अपनी भारतीय जड़ों को भूला न ही भारत कभी गोवा को भूला। गोवा मुक्ति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश वर्ल्यानी का निधन

सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ सहित सभी नेताओं ने जताया दु:ख

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक रमेश वर्ल्यानी का रविवार दोपहर दिल्ली में इलाज के दौरान निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में उनका इलाज चल रहा था। बीते कुछ दिनों से वे लीवर समस्या से पीड़ित थे। रायपुर में भी उनका इलाज चला लेकिन राहत नहीं मिलने पर उन्हें ही दिल्ली के एक निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया था। जहां उनका इलाज चल रहा था। अस्पताल में लगातार उपचार के बाद भी उनकी स्थिति में सुधार नहीं आ पाया। रविवार दोपहर दिल का दौरा पड़ने से दिल्ली के फ ोर्टिस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। गौरतलब हो कि रमेश वर्लयानी जनता पार्टी से वर्ष 1997 में रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे चुके हैं। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया। वे कांग्रेस के दिवंगत राष्ट्रीय महामंत्री मोतीलाल वोरा के बेहद करीबी रहे। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद वे प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री और प्रमुख प्रवक्ता सहित अन्य अहम पदों पर रहे। वे सिंधी पंचायत और अन्य संगठनों से जुड़े थे। उनके ही प्रयासों से छत्तीसगढ़ में सिंधी परिषद का गठन किया गया था। रमेश वर्ल्यानी के निधन से कांग्रेस में दुःख की लहर है। अपने वरिष्ठ नेता को खोने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल : चुनाव में हिंसा, देसी बम फटने से एक घायल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नगर निकाय चुनावों पर भी हिंसा की छाया नजर आ रही है। आज कोलकाता म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन लिए वोटिंग के दौरान छिटपुट हिंसा के साथ बमबाजी की घटनाएं सामने आयी। पुलिस के मुताबिक कोलकाता के उत्तरी-पूर्वी इलाके में बम फेंका गया है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एक अन्य जगह पर बम फेंके जाने की बात कही, हालांकि पुलिस की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वहीं पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहाकि शांतिपूर्ण मतदान अति आवश्यक है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मतदाता के मन में किसी तरह का भय नहीं होना चाहिए।

मांझी के बोल : पंडित... आते हैं, कहते हैं खाएंगे नहीं आपके यहां, बस नकद दे दीजिए

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने पंडित जाति के लिए अपशब्द का इस्तेमाल कर विवाद खड़ा कर दिया है। दरअसल शनिवार को पटना में भुइयां मुसहर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में जीतन राम मांझी मुख्य अतिथि थे। इसी दौरान उन्होंने पंडितों के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर दिया। कार्यक्रम में मांझी ने कहा कि आजकल गरीब तबके के लोगों में धर्म की परायणता ज्यादा आ रही है। सत्यनारायण भगवान की पूजा का नाम हम लोग नहीं जानते थे। ....अब हर टोला में हम लोगों के यहां सत्यनारायण भगवान पूजा होती है। इतना भी शर्म लाज नहीं लगता है कि पंडित.... आते हैं और कहते हैं कि कुछ नहीं खाएंगे आपके यहां...बस कुछ नकद दे दीजिए।

मांझी ने दी सफाई : जीतन राम मांझी ने सफाई देते हुए कहा कि मैंने अपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मांझी के बयान के बाद गरम हुई सियासत

मांझी के बयान के बाद सियासत गरम हो गई है। विपक्षी दल के कई नेता उन्हें घेरने में लग गए हैं। वहीं बचाव करने के लिए आए उनकी पार्टी के प्रवक्ता दानिश रिजवान ने कहा कि मांझी के बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मांझी की सभी संप्रदाय और तमाम जातियों के प्रति उनकी आस्था है। उन्होंने स्पष्ट तरीके से कहा है कि कुछ लोग ब्राह्मण भाइयों को अपने घर में बुलाते हैं लेकिन वह ब्राह्मण उन गरीबों के घर में खाना भी नहीं खाते हैं, मगर फिर भी उन्हें पैसा दे दिया जाता है। मांझी ने ऐसे लोगों का विरोध किया है।

डेढ़ दिन में दोगुना हो रहे ओमिक्रॉन के मामले, साइंटिस्ट्स को अब सुपर वैरिएंट का डर

जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि 89 देशों में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पहचान की जा चुकी है और यह उन स्थानों पर डेल्टा वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलता है, जहां संक्रमण का सामुदायिक स्तर पर प्रसार अधिक है। इसके मामले डेढ़ से तीन दिन में दोगुने हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने शुक्रवार को अपनी 'एनहैंसिंग रेडिनेस फॉर ओमिक्रॉन (बी.1.1.529): टेक्निकल ब्रीफ एंड प्रायोरिटी एक्शन्स फॉर मेंबर स्टेट्स' रिपोर्ट में कहा कि मौजूदा उपलब्ध आंकड़ों को देखते हुए आशंका है कि ओमिक्रॉन उन स्थानों पर डेल्टा से आगे निकल जाएगा, जहां सामुदायिक स्तर पर वायरस का प्रसार अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''16 दिसंबर 2021 तक, डब्ल्यूएचओ के सभी छह क्षेत्रों में 89 देशों में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पहचान की गई है।

सिर्फ भारत में बने सामान ही इस्तेमाल करेगी हमारी सेना : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली (ए.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और अपने कई सहयोगी देशों को स्पष्ट रूप से बता दिया है कि कई सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा आवश्यक सैन्य मंच (प्लेटफॉर्म) और उपकरण देश में निर्मित किए जाने हैं। क्षेत्रीय भू-राजनीतिक घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा कि ईश्वर ने भारत को कुछ ऐसे पड़ोसी दिए हैं जो इसकी वृद्धि को देखकर अच्छा महसूस नहीं करते हैं और जो विभाजन से पैदा हुआ वह भारत के विकास की चिंता में कमजोर होता जा रहा है।

सपा नेताओं के घरों पर आईटी का छापा, अखिलेश ने फोन टेपिंग का बीजेपी पर लगाया आरोप

लखनऊ। यूपी में रविवार को भी समाजवादी पार्टी के नेताओं के घरों पर आयकर विभाग की टीम ने छापे मारे। इस पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रेस कांफ्रेस की और तंज कसा कि अनुपयोगी सरकार और कर भी क्या सकती है? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के लोग मेरा और सपा के अन्य नेताओं के फोन टैप करवा रही है। सपा कार्यालय से जुड़े लोगों के फोन टैप किए जा रहे हैं। यह रिकॉर्डिंग ऐसे अधिकारी कर रहे हैं जो खुद को सत्ता के नजदीक दिखाने का प्रयास करते। इसमें एक अधिकारी मैनपुरी के भी है। समाजवादी सरकार बनने के बाद ऐसे अधिकारियों की खोज खबर ली जाएगी। अखिलेश यादव ने कहा कि ये भाजपा की बौखलाहट को दिखाता है वो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

12 घंटे के भीतर दो नेताओं की हत्या, धारा 144 लागू

तिरूवनंतपुरम। केरल के अलापुझा जिले में 12 घंटे के भीतर दो नेताओं की हत्या का मामला सामने आया है। अलापुझा में रविवार तड़के एक बीजेपी नेता की हत्या कर दी गई। इससे पहले शनिवार रात सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के नेता की हत्या हुई थी। पुलिस ने कहा कि बीजेपी ओबीसी मोर्चा के स्टेट सेक्रेटरी वकील रंजीत श्रीनिवास के घर में घुसकर उस वक्त हमला किया गया, जब वह मॉर्निंग वॉक के लिए तैयार हो रहे थे। रंजीत ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार के तौर पर इलेक्शन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगर देश की सारी महिलाएं एक हो जाएं तो हम देश की राजनीति बदल देंगे : प्रियंका

रायबरेली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को रायबरेली के रिफॉर्म क्लब में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अगर देश की सारी महिलाएं एक हो जाएं तो हम राजनीति बदल देंगे। कांग्रेस ने महिलाओं के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी किया है जिसमें सिर्फ स्कूटी और स्मार्ट फोन देने का वादा ही नहीं किया गया है बल्कि महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकार देने की बात की गई है। उन्होंने अपील किया कि आप हमें शक्ति दीजिए। हम आपको देंगे। इसके पहले वह जिले के बछरावां क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर में गईं और वहां दर्शन किए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म हमें सच्चाई और प्यार का रास्ता दिखाता है। आरएसएस और भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति करते हैं। राहुल गांधी हिंदू धर्म और हिंदुत्व के बीच के फर्क को सामने रख रहे हैं।

भारत में घुसपैठ, चीनी नागरिक गिरफ्तार

मधुबनी। बिहार के मधुबनी के माधवापुर ब्लॉक से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने 39 वर्षीय चीनी नागरिक को भारत-नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश करने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान चीन के दक्षिणी तट पर फुजियान प्रांत के रहने वाले जिउ जियांग शी के रूप में हुई है। एसएसबी अधिकारियों ने पूछताछ के बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, माधवापुर थाने के थाना प्रभारी गया सिंह ने बताया कि भारत में घुसपैठ की कोशिश करने वाले चीनी नागरिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

संशोधन बिल... अब नाम जुड़वाने के लिए जरूरी होगा आधार कार्ड

वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने वाला विधेयक लोकसभा में सूचीबद्ध

नई दिल्ली (ए.)। सरकार चुनाव सुधारों की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण विधेयक संसद के चालू शीत सत्र में ही पेश करने जा रही है। विधेयक को लोकसभा की कार्यसूची में शामिल किया गया है। इसमें मतदाता सूचियों को आधार इकोसिस्टम से जोड़ने का प्रावधान है, ताकि डुप्लीकेसी को रोका जा सके।

चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक 2021 में चुनाव पंजीयन अधिकारियों को मतदाता सूचियों में वोटर के रूप में नाम जुड़वाने के इच्छुक लोगों को उनकी पहचान के दस्तावेज के रूप में आधार नंबर मांगने का अधिकार होगा। प्रस्तावित विधेयक में यह भी प्रावधान है कि चुनाव पंजीयन अधिकारी, मतदाता सूची में पहले से नामजद व्यक्ति की पहचान के प्रमाणीकरण के लिए उसके आधार नंबर की मांग कर सकेंगे। इससे एक ही व्यक्ति के एक से अधिक चुनाव क्षेत्रों में मतदाता के रूप में पंजीयन और एक ही चुनाव क्षेत्र में अलग-अलग पतों पर पंजीयन की पहचान कर उसे खारिज किया जा सकेगा। इससे एक ही वोटर लिस्ट से सारे चुनाव कराने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा। विधेयक में यह भी प्रावधान रहेगा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के किसी भी आवेदन को इसलिए खारिज नहीं किया जा सकेगा और पहले से दर्ज नाम को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकेगा कि संबंधित व्यक्ति के पास आधार कार्ड नहीं है। ऐसे लोगों को भी पहचान के अन्य निर्धारित दस्तावेज पेश करने की अनुमति दी जाएगी।

जनप्रतिनिधित्व कानून की कई धाराओं में होंगे संशोधन

सदन में पेश करने के पूर्व लोकसभा सदस्यों को वितरित इस विधेयक के प्रारूप के अनुसार जनप्रतिनिधित्व कानून 1950 और 1951 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किए जाएंगे। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के बयान में कहा गया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23 में संशोधन किया जाएगा ताकि मतदाता सूची डेटा को आधार सिस्टम से जोड़ने की अनुमति दी जा सके। इससे एक ही व्यक्ति के विभिन्न स्थानों पर कई जगहों पर वोटर के रूप में नामांकन की समस्या से निपटा जा सकेगा।

धारा 14 में भी संशोधन

इसी तरह धारा 14 में संशोधन कर वोटर सूची में नाम जुड़वाने के पात्र लोगों के पंजीकरण के लिए चार तिथियां तय की जा सकेंगी। अब तक हर साल 1 जनवरी को ही वोटर सूची में नाम जुड़वाने की एकमात्र योग्यता तिथि माना गया है। वर्तमान में जो लोग एक जनवरी को या उससे पहले 18 वर्ष के हो जाते हैं, वे मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। इसके बाद 18 साल की पात्रता उम्र पूरी करने वाले लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए पूरे एक साल तक इंतजार करना पड़ता है।

गोधरा, सिख विरोधी दंगों की जांच करने वाले जज नानावती का निधन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज गिरीश ठाकुर लाल नानावती का शनिवार को निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी और 2002 के गोधरा दंगों की जांच की थी। उनके परिवार के सदस्यों ने बताया कि उनका गुजरात में शनिवार दोपहर एक बजकर 15 मिनट पर हृदय गति रुकने से निधन हो गया। न्यायाधीश नानावती का जन्म 17 फरवरी 1935 को हुआ था और वह 11 फरवरी 1958 को बंबई उच्च न्यायालय के वकील के तौर पर पंजीकृत हुए। उन्हें 19 जुलाई 1979 को गुजरात उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

यूएई से बिलासपुर लौटा दंपत्ति कोरोना संक्रमित, 2 दिन में विदेशों से वापस आए 19 यात्री

स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में 193

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर स्वास्थ्य विभाग सजग है और विदेश से पहुंचने वालों को लगातार निगरानी की जा रही है। ऐसे लोगों की पहचान कर उनका RTPCR कराया जा रहा है। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के खतरे के बीच बिलासपुर में विदेश से लौटा दंपती कोरोना पॉजिटिव मिला है। यह पिछले दिनो UAE (संयुक्त अरब अमीरात) से वापस आया है। इधर, दो दिन के भीतर अमेरिका, जापान, फ्रांस, बांग्लादेश, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात और जर्मनी से 19 लोग बिलासपुर पहुंचे हैं। इस प्रकार जिले में विदेशों से आने वालों की संख्या यहां बढ़कर 193 हो गई। ये सभी 193 लोग स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में हैं। सभी को होम क्वारैंटाइन में रहने की सलाह दी गई है।

दो दिन पहले गोल बाजार क्षेत्र में रहने वाले पति-पत्नी UAE से लौटे हैं। दोनों का RTPCR टेस्ट कराया गया था। शनिवार को दोनों के रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। इसकी जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम में हड़कंप मच गया। तत्काल उनका जीनोम सीक्वेंसिंग सैंपल लेकर जांच के लिए भुवनेश्वर भेजा गया है।

विदेश से लौटने वालों की RTPCR अनिवार्य कर दिया गया है। अब तक विदेश से आए पांच लोगों में ओमिक्रॉन के लक्षण मिले हैं। जिनमें से तीन के सैंपल लेकर पहले ही जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें दो का रिपोर्ट निगेटिव आई है। जबकि, दो नए मरीज के साथ ही तीन का रिपोर्ट आना बाकी है।

स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है कि जिले में कोरोना का संक्रमण अभी काबू में है। लेकिन ओमिक्रॉन को लेकर चिंता है। यह वैरिएंट काफी तेजी से फैलता है। अफसर बताते हैं कि ओमिक्रॉन संक्रमित एक मरीज 300 लोगों को संक्रमित कर सकता है। यही वजह है कि विदेश से आने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

CMHO डॉ. प्रमोद महाजन ने कोरोना के इस नए वैरिएंट से बचने के लिए लोगों को टीका लगाने की अपील की है। जिन लोगों को पहले चरण का टीका लग चुका है, उन्हें समय पर दूसरे चरण का टीका लगवाना चाहिए। साथ ही उन्हें कोरोना गाइडलाइन का भी सख्ती से पालन करना चाहिए।

अगर जिले में कोरोना संक्रमण की बात की जाए तो जिले में अब तक 65,771 लोग कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। शनिवार को आई रिपोर्ट में भी 4 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। यहां अब तक 64,528 लोग कोरोना से ठीक हो चुके हैं। 1212 मरीजों की कोरोना की वजह से जान जा चुकी है। इस प्रकार जिले में अभी एक्टिव मरीजों की संख्या 31 है।

न्यूज गैलरी

नाबालिक से छेड़छाड़, आरोपी को कोर्ट ने 3 वर्ष कैद व जुमार्ना की सजा

मुंगेली/नवप्रदेश। स्कूल जाते समय नाबालिक से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 3 वर्ष कैद व जुमार्ना की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) गिरिराज शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार धटना मिशन हाईस्कूल दाऊपारा मुंगेली में पढ़ने वाली छात्रा के स्कूल आते जाते समय आरोपी ललित निर्मलकर पिता राजकुमार निवासी दाऊपारा मुंगेली छेड़छाड कर परेशान करता था। एक दिन उसके घर में घुस कर पीडिता के माता-पिता को जान से मारने की धमकी भी दिया। घटना के संबंध पीडिता द्वारा थाना मुंगेली में रिर्पोट दर्ज कराने पर धारा 341, 454, 354, 506 भाग दो भा.द. संहिता एवं 4, 8 पॉक्सो के तहत आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र विशेष न्यायालय (पॉक्सो) पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) पी.एस. मरकाम दोनो पक्षो को सुनने के बाद आरोपी ललित निर्मलकर को धारा 341 भा.द. संहिता के आरोपी को 1 माह साधारण कारावास एवं 500 अर्थदण्ड तथा धारा 8 लैगिंक अपराधो से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000 (दो हजार) अर्थदण्ड से दण्डित किया गया अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को क्रमशरू 1-2 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतायी जायेगी। मामले की पैरवी अभियोजन की ओर से गिरिराज शर्मा विशेष लोक अभियोजक ने की।

कलेक्टर को ज्ञापन देते जिला पंचायत सदस्य

मुंगेली/नवप्रदेश। प्री मैट्रिक छात्रावस खुलवाने जिला पंचायत सदस्यदुर्गा उमाशंकर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिले के लोरमी ब्लाक के ग्राम खुड़िया में प्री मैट्रिक छात्रावास अभी तक नहीं खुला है। जिससे वहां के आदिवासी बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा कई बार मांग करने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विकासखंड लोरमी से खुड़िया लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। जहां बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग निवास करते हैं। जिससे उरांव, कोल, देवार, बिझावर, बैगा इत्यादि समाज के लोग निवास करते हैं। जिनकी स्थिति दयनीय है। इसके बाद भी शासन प्रसासन के द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौप कर खुड़िया मे जल्द से जल्द प्री मैट्रिक छात्रावास खुलवाने की मांग की है।

स्वस्थ्य शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधि

मुंगेली/नवप्रदेश। स्व.सेवक राम साहू की पुण्यतिथि में उनके पुत्र नितेश साहू के द्वारा ग्राम फुलवारी में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दिव्यांगों हेतु उपयुक्त सामग्री वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दूरदराज क्षेत्रों से आए ग्रामीण जनों एवं ग्राम के लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाकर अपना एवं अपने परिवार का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। वही निरूशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे पूरे समय जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमांशकर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहें।

कुत्ते के बच्चों के पास मिली नवजात शिशु

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के लोरमी क्षेत्र के एक गांव में नवजात बच्ची लावारिस हालत में छोटे-छोटे कुत्तों बीच मिली है। कुत्तों के बच्चों ने बच्ची का रात भर ध्यान रखा। ये शर्मसार कर देने वाली घटना लोरमी के सारिसताल गांव की है। लोरमी के सारिसताल गांव में गांव वालो ने आज सुबह पैरावट के पास एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पड़ी हुई मिली नवजात बच्ची जिस जगह पर मिली है उस जगह कुत्ते के 4 बच्चें थे। लेकिन राहत की बात यह है कि कुत्तों ने बच्ची को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। रात भर उसकी रक्षा करते रहे। नवजात बच्ची पूरी तरह से स्वस्थ है। ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी लोरमी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस वहा मौके पर पहुंची और बच्ची को जिला अस्पताल भेजा गया। बाल कल्याण समिति के द्वारा चलाए जा रहे चाइल्ड लाइफ परियोजना के ने बच्ची का नाम आकांक्षा रखा है। और बच्ची को कहा रखना है ये बाल कल्याण समिति तय करेगी। बच्चे की हालत ठीक बताई जा रही है उसे डॉक्टरों के निगरानी में ऑब्जरवेशन में रखा गया है। पुलिस की जांच जारी है।

गुरू घासीदास जयंती को श्रद्धा, आदर और उत्साह पूर्ण वार्तावरण में मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री बघेल ने आम लोगों को 18 दिसम्बर बाबा गुरूघासीदास जयंती (गुरू पर्व) की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती को श्रद्धा, आदर और उत्साह पूर्ण वार्तावरण में मनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सत्य ही मानव का आभूषण है। उन्होने सत्य की संदेश को अपने आचरण में उतार कर सतगुणी और सतज्ञानी बनने तथा पशुओं से प्रेम करने की बात कहीं।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्राम लालपुर धाम में 18 दिसम्बर बाबा गुरूघासीदास जयंती (गुरू पर्व) के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरूघासी दास जी का संदेश आज भी औचित्य पूर्ण और प्रासंगिक है। छत्तीसगढ़ बाबा गुरूघासी दास जी के बताये गये सत्य, अहिंसा, भाईचारा, बंधुत्व, सामनता और सद्भाव जैसे मार्गो पर चल कर तीव्र गति से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में भी बाबा गुरू घासीदास के बताये मार्ग में चलकर छत्तीसगढ़ देश का समृद्धि राज्य बनेगा। इस अवसर पर उन्होने गौटिया स्व. अंजोर दास पाटले के नाम को चिंर स्थायी बनाने के लिए ग्राम लालपुर धाम में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल को गौटिया स्व. अंजोर दास पाटले के नाम पर करने की घोषणा की। अब शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लालपुर, गौटिया स्व. अंजोर दास पाटले के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने सामाजिक समरास्ता का संदेश दिया है।

उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होने कहा कि देश में कोरोना के दौरान लागू लॉकडाउन में प्रवासी श्रमिक बड़ी कठिनाईयों का सामना करते हुए सड़क और अन्य मार्गो से आ रहे थे। ऐसे समय में जनप्रतिनिधियों, जिला और पुलिस प्रशासन, सामाजिक संगठन, बहुद्देशीय कार्यकर्ता और मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकताओं सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके लिए भोजन, पानी, दवाई यहां तक की पैर के लिए जूता-चप्पल की भी व्यवस्था की गई। यह सब बाबा गुरूघासी दास के आशीर्वाद से ही संभव हो सका। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के हर परिवार आर्थिक रूप से सम्पन्न हो। उन्हे गुणवत्ता युक्त शिक्षा मिले। प्रदेश में ऐसी तमाम प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि इस वर्ष बड़ी मात्रा में धान का उत्पादन हुआ है। अब तक 28 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। किसानों से 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है। उन्होने कहा कि बारदाना की कमी को देखते हुए किसानों के बारदानों में धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया है। किसानों के बारदानों से धान खरीदने पर उन्हे प्रति बारदाने 25 रुपए के मान से राशि दी जा रही है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने ग्राम मोतिमपुर अमरटापू के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। समाज के आस्था और विश्वास के प्रतीक जोड़ा जैतखाम की पूजा आर्चना की और लोगों की समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात् समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को भव्य पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने भी बाबा गुरू घासीदास जयंती समारोह गुरू पर्व को संबोधित किया। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 17 दिसम्बर 2018 को शपथ ली उसके दूसरे दिन अर्थात् 18 दिसम्बर 2019 को बाबा गुरू घासीदासी जयंती में शामिल हुए। उसी दिन मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार बाबा गुरू घासीदास के बताये मार्ग पर चलेगा और छत्तीगसढ़ सरकार बाबा की बताये गये मार्ग पर चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में समाज में और अधिक सम्पन्नता आएंगी।

जीपीएम से लापता लड़की राजस्थान में मिली

जोधपुर में भटकते देख सब इंस्पेक्टर ने ट्विटर के जरिए आईजी डांगी से किया कॉन्टैक्ट; अब आ रही वापस

बिलासपुर/पेंड्रा। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से लापता हुई लड़की राजस्थान में मिली है। राहत की बात यह रही है कि वह राजस्थान में एक पुलिसवाले को मिली। उसी पुलिसवाले ने फिर आईजी से ट्विटर के जरिए संपर्क किया। आईजी के माध्यम से अब लड़की को वापस राजस्थान से लाया जा रहा है। लड़की के वापस आने की बात सुनकर परिवारवालों में खुशी है।

दरअसल, कुछ समय पहले पेंड्रा इलाके से एक नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई थी। उसके परिवारवालों ने बताया था कि लड़की घर से गुस्सा होकर निकली गई थी। परिजनों ने उसकी काफी दिनों तक तलाश की थी। मगर उसका कुछ पता नहीं चला था। जिसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत पेंड्रा थाने में भी की थी। तब से पेंड्रा थाने की पुलिस भी लड़की तलाश कर रही थी।

बताया गया कि लड़की ट्रेन में चढ़कर राजस्थान के जोधपुर पहुंच गई थी। यहां वह रोड पर भटक रही थी। तभी एक सब इंस्पेक्टर ने उससे पूछताछ की तो लड़की ने उसे पूरी कहानी को बताया था। इस पर सब इंस्पेक्टर ने सीधे बिलासपुर रेंज के आईजी रतनलाल डांगी से ट्विटर के जरिए संपर्क किया था। इसके बाद डांगी ने पेंड्रा पुलिस से संपर्क किया। जहां डांगी को पूरी कहानी बताई गई। अब पेंड्रा से एक टीम को लड़की को लेने जोधपुर भेजा गया है। वह टीम कभी भी लड़की को लेकर वापस आ सकती है।

रतनलाल डांगी सोशल मीडिया खासकर ट्विटर में काफी एक्टिव रहते हैं। उन्होंने अपना नंबर भी ट्विटर में शेयर किया हुआ है। जिसके माध्यम से लोग उन्हें अपनी परेशानी बता सकते हैं। डांगी एक मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। वह समय-समय पर अपने योग और एक्सरसाइज से जुड़े वीडियो को भी शेयर करते रहते हैं।

जातिगत गाली देने पर मैनेजर को युवकों ने बाहर खींचकर सड़क पर जमकर पीटा

थाने में सुलझा मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। मौसाजी होटल में शनिवार को कुछ युवक शहर के मंगला चौक जबरदस्ती घुस गए थे। उन्होंने मैनेजर को पीटने से पहले ही वीडियो बनाना शुरू कर दिया था। इसके बाद उन्होंने होटल के अंदर से मैनेजर को पीटते हुए बाहर निकाला। फिर बाहर में उसे खूब पीटा। पिटाई के बाद युवक उसे थाने भी ले गए थे। पूरी घटना के बाद युवकों ने ही वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल कर दिया है। घटना शनिवार की है।

मारपीट करने वाले युवकों का आरोप है कि मैनेजर ने उन्हें जातिगत गाली दी है। इसका बदला लेने के लिए उन्होंने होटल में घुसकर मैनेजर को पीटा है। मैनेजर की पिटाई का भी वीडियो भी सामने आया है। इसे इन मारपीट करने वाले लोगों ने ही वायरल किया है।

वीडियो में कुछ युवक को होटल मैनेजर को गाली देते हुए घूंसों से उसकी पिटाई करते नजर आ रहे हैं। मैनेजर हाथ जोड़कर बार-बार उनसे निवेदन कर रहा है कि उसे न पीटें। इसके बावजूद युवकों ने होटल से बाहर निकालकर भी मैनेजर को खूब पीटा है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

बताया जा रहा है कि मैनेजर की बेरहमी से पिटाई कर वीडियो बनाने वाले युवक उसे पकड़कर थाने ले गए थे। इस दौरान थाने में उन्होंने मैनेजर पर जातिगत गाली देने का आरोप लगाया और एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की मांग करने लगे। पुलिस की समझाइश पर मामला शांत हो गया और मैनेजर के माफी मांगने पर उसे छोड़ दिया गया।

सोशल मीडिया में होटल में घुसकर गुंडागर्दी कर दहशत फैलाने वाले वीडियो पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। T। शनिप रात्रे का कहना है कि दोनों पक्ष शिकायत लेकर थाना पहुंचे थे। उन्होंने आपस में समझौता कर लिया।

छग पर बाबा की कृपा बनी रहे : गोमती साय

सारंगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ लोकसभा के सांसद गोमती साय ने गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। सारंगढ़ के गुरु घासीदास पुष्प वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती गोमती साय, श्रीमती सविता हरीप्रिय के साथ शामिल हुई। उन्होंने कहा की गुरु घासीदास बाबा ने मनखे मनखे एक समान का जो संदेश दिया है वह भारतीय संस्कृति के अनुरूप वसुधैव कुटुंबकम की तरह है उन्होंने कहा कि बाबा के संदेश आज भी प्रासंगिक है सतनामी समाज आज भी बाबा के दिखाए मार्ग पर चलकर सत्य अहिंसा और त्याग का अनुकरण कर रहा है श्रीमती गोमती साय ने कहा की पूरे छत्तीसगढ़ पर बाबा की कृपा बनी रहे तथा छत्तीसगढ़ उत्तरोत्तर प्रगति करता रहे। श्रीमती सविता हरी प्रिया ने गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु घासीदास ज्ञान स्थल के उन्नयन के लिए पूर्व में काफी प्रयास किए गए हैं तथा तीन दिवसीय मेला के लिए? दस लाख की स्वीकृति भी रमन सरकार द्वारा दी गई है। आगे आने वाले समय में वे इस स्थान के विकास के लिए माननीय सांसद जी के सहयोग से सदैव तत्पर रहेंगी।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में इंटर-यूनिवर्सिटी शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन आज से

रायगढ़/नवप्रदेश। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ में ईस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 20 दिसंबर से किया जाएगा। 20 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2021 तक एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तत्वावधान में आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज चैंपियनशिप मेंईस्ट जोनके34 विश्वविद्यालयों से 450 से अधिक प्रतियोगी हिस्सा ले रहे हैं। ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी एवं चेस चैम्पियनशिप के आयोजन सचिव डॉ अमित पारस ने बताया की शतरंज के इस कुम्भ का उदघाटन 20 दिसंबर को छत्तीसगढ़ सरकार में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और रोजगार मंत्रालय, कौशल विकास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, जनशक्ति योजना, खेल और युवा कल्याणकेमंत्री एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीयश्री उमेश पटेल जी द्वारा विशिष्ट अतिथि श्री जी. रॉड्रिक्स,ईवीपी-एच आर एन्ड एडमिन ,जेएसपीएल, रायगढ़, डॉ आर. डी. पाटीदार, कुलपति, ओपीजेयू एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मेघालय, सिक्किम, नागालैंड, ओडिशा, झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के विश्वविद्यालयों से आये खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे।

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के कुलपति डॉ आर. डी. पाटीदार ने बताया की एआईयू के तत्वावधान में आयोजित ईस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालयीन शतरंज चैंपियनशिप के आयोजन का उत्तरदायित्व ओपीजेयू को मिलना न केवल रायगढ़ बल्कि पुरे राज्य के लिए गर्व का अवसरहै।विश्वविद्यालय के पूंजीपथरा परिसर में आयोजित इस चैम्पियनशिप में 10 राज्यों के 450 से अधिक खिलाड़ियों के अलावा 75 ट्रेनर्स / शिक्षक, अधिकारीगण एवं एसोसिएशन ऑफ़ इंडियन यूनिवर्सिटीज के तरफ से ऑब्जर्वर डॉ संजीत सरदार भी उपस्थित होंगे । सात लीग राउंड में आयोजित इस चैम्पियनशिप के उदघाटन के लिए माननीय मंत्री श्री उमेश पटेल जी ने अपनी सहमति दी है और उनकी गरिमामयी उपस्थिति सभी के लिए प्रेरणादायी होगी। डॉ पाटीदार ने कहा की ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ -साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन लगातार किया जाता है। इस चैम्पियनशिप के आयोजन की जिम्मेदारी भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध खेल सुविधाओं को ध्यान में रखकर दिया गया है।

मछलीपालन एवं प्रबंधन विषय पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण

युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने का किया जा रहा प्रयास

कोण्डागाँव/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केंद्र, कोंडागांव के द्वारा ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एसटीआरवाय के तहत मछलीपालन एवं प्रबंधन विषय पर 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 16 दिसंबर से 22 दिसंबर 2021 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 18 से 40 आयु वर्ग के 15 युवाओं को कोंडागांव जिले से प्रशिक्षण दिया जा रहा है । इस प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ने का एक प्रयास है जिससे ग्रामीण अंचल के युवा, रोजगार एवं उनके परिवार को पौष्टिक भोजन उपलब्ध करने में सक्षम हो सके । यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद एवं राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान (समेति), रायपुर के वित्तीय सहयोग से वनांचल क्षेत्र में स्वरोजगार सृजन करने के लिए के मछलीपालन विशेषज्ञ के द्वारा दिया जा रहा है ।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम माननीय कुलपति डॉ. एस.एस. सेंगर, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के संरक्षण एवं डॉ. आर. के. बाजपई, निदेशक विस्तार सेवाएँ, इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के तकनिकी निर्देशन में कृषि विज्ञान केन्द्र, पूर्वी बोरगांव, जिला कोंडागांव के द्वारा संचालित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम को सुचारू क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर पर डॉ. दीप्ती झा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । कृषि विज्ञान केन्द्र, कोंडागांव के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख एवं मछलीपालन विशेषज्ञ डॉ. ओम प्रकाश के द्वारा इस ÷मछलीपालन एवं प्रबंधन÷ प्रशिक्षण को दिया जा रहा है एवं डॉ. हितेश मिश्रा एवं डॉ. बिंदिया पैंकरा सहयोगी वैज्ञानिक है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मछलीपालन विभाग, जिला कोंडागांव से सहायक संचालक श्री मानसिंह कमल एवं सहायक मत्स्य अधिकारी, श्री योगेश देवांगन भी मत्स्य सबंधी योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे, जिससे मत्स्य कृषक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

दर्शकों को भा रही जुगाडू राजू का मोती चूर के लड्डू

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर की छविगृहों में चल रही इस साल की ब्लाक बस्टर मूवी ÷प्रेम-युद्ध÷ में छत्तीसगढ़ के टॉप कॉमेडियन तरुण बघेल ब्रम्हानंद के अंदाज में जुगाडू राजू की भूमिका में दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं और अपने जुगाड़ के साथ फिल्म के लोकप्रिय गीत मोती चूर के लड्डू फूटत हे से खूब गुदगुदा रहे हैं। राधे फिल्म्स एन्ड इंटरटेंटमेंट के बैनरतले बनी छत्तीसगढ़ी फिल्म ÷प्रेम-युद्ध÷ के निर्देशक शहर के युवा सुमीत मिश्रा हैं जबकि निर्माता बिलासपुर के आशीष शर्मा हैं जिनका भी सम्बन्ध रायगढ़ से ही है। इस फिल्म से डेब्यू कर रही नायिका वीणा सेंदरे वर्ष 2018 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मिस ट्रांस क्वीन रह चुकी हैं। पिछले शुक्रवार से प्रदेश के प्रमुख सिनेमां घरों व मल्टीप्लेक्स में धूम मचा रही अब तक की सबसे महँगी इस फिल्म में एक्शन , रोमांस सहित कॉमेडी का जबरदस्त तड़का है।

इंडिया स्टार बुक और लिम्का बुक में नाम दर्ज, वैद्य संघ का सराहनीय काम

■ परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ ने कायम किया वर्ल्ड रिकॉर्ड

रायपुर/नवप्रदेश। परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है. संघ का नाम इंडिया स्टार बुक ऑफ वर्ल्ड एवं लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है. संघ को यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ राज्य में औषधीय पौधों के प्रति जनजागरूकता के लिए प्राप्त हुई है.

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा होम हर्बल गार्डन योजना चलाई जा रही है. इस योजना के क्रियान्वयन के लिए परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छत्तीसगढ़ बिलासपुर द्वारा 15 अगस्त से 15 सितम्बर 2021 तक जनजागरूकता अभियान चलाया गया.

इस दौरान 11 लाख 85 हजार 890 औषधीय पौधों के संबंध में दस वनमंडल के घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया. इसमें वनमंडल बिलासपुर, मरवाही, कटघोरा, मुंगेली, कोरबा, दुर्ग, कवर्धा, खैरागढ़, राजनांदगांव, बेमेतरा में परंपरागत वैद्यों के माध्यम से सतावर, ब्राम्ही, तुलसी, कालमेघ, गिलोय, मंडूपपर्णी, सहिजन, अश्वगंधा, बच, पत्थरचट्टा, अडूसा, निर्गुंडी, स्टीविया, गुड़मार, हडजोड़ आदि औषधीय पौधों को तैयार कर इसके महत्व और उपयोग की जानकारी दी गई.

परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ छत्तीसगढ़ द्वारा कुल 11 लाख 85 हजार 890 औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैद्य संघ छत्तीसगढ़ ने कीर्तिमान स्थापित किया है. वैद्य संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सचिव निर्मल कुमार अवस्थी ने बताया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड हेतु छह माह की कड़ी मेहनत पारंपरिक वैद्यों द्वारा की गई.

रिकॉर्ड बनाने के लिए टीम ने सतत् अपनी रिपोर्ट इंडिया स्टार ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड एवं लिम्का बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उन्हें अपने कार्यों का निरीक्षण सम्पन्न कराया. यह सम्मान समारोह आज छत्तीसगढ़ भवन बिलासपुर में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड रायपुर के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के करकमलों द्वारा वैद्य संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों को प्रदान किया गया.

इस अवसर पर वनवृत्त बिलासपुर के मुख्य वन संरक्षक नावेद शियाजूद्दीन एवं बिलासपुर के वन मंडलाधिकारी कुमार निशांत के अलावा परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैद्य संघ के अध्यक्ष वैद्य भगवन्ता प्रसाद निषाद, उपाध्यक्ष वैद्य शुक्ला प्रसाद धुर्वे परियोजना प्रभारी वैद्य अवधेश कुमार कश्यप नर्सरी प्रभारी वैद्य संतोष यादव एवं गुन्जन यादव और बड़ी संख्या में परंपरागत वनौषधि वैद्य संघ छत्तीसगढ़ के सदस्य उपस्थित थे.

बिलासपुर जिले में औषधीय पौधों के वितरण कार्य में इस वर्ष ईको क्लब बिलासपुर के छात्र छात्राओं के अलावा डॉ. पानू हलदर, उत्तम तंबोली, निश्चय अवस्थी, विजय खैरवार एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

किसान नेता राकेश टिकैत किसानों का आभार जताने पहुंचे छत्तीसगढ़

■ कहा अब एमएसपी लागू करना ही होगा

रायपुर/नवप्रदेश। किसान नेता राकेश टिकैत तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को रायपुर पहुंचे। इस दौरान उत्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा के आग्रह पर जेल रोड स्थित विधायक कार्यालय पहुंचे। अन्न दाता किसानों के सम्मान में शहर के अनेकों गणमान्य नागरिक छत्तीसगढ़ समाज पार्टी एवं कांग्रेस के अनेकों नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे । नमस्ते चौक पर कार्यकर्ताओं ने किसान नेता का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राकेश टिकैत ने दौरे को लेकर कहा कि सभी का धन्यवाद करने छत्तीसगढ़ आया हूं। छत्तीसगढ़ ने किसान आंदोलन को बड़ा सहयोग दिया था।

किसान नेता राकेश टिकैत ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली में ठीक प्रोग्राम होगा। यहां के किसानों का भी बड़ा सहयोग रहा। देश में एक बड़ा सवाल एमएसपी का है, जो संदेश जाना था, वह मीडिया के माध्यम से देश में चला गया है। एमएसपी की मांग को लेकर सरकारों से आगे बातचीत करेंगे, और समाधान निकालेंगे। आंदोलन स्थगित होते हैं, खत्म नहीं होते। देश में एमएसपी लागू होगी तो सरकार को और ज्यादा टैक्स मिलेंगे। विशेषज्ञ लोग सरकारों को गलत गलत राय दे रहे हैं।

स्वागत अवसर पर विशेष रूप से जीपी चंद्राकर, अनिल दुबे, संजय पाठक शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पार्षद आकाश तिवारी, जसबीर ढिल्लन, अनवर हुसैन, मिलिंद गौतम ब्लॉक अध्यक्ष सुनील भुवाल, दीपा बग्गा , अरुण जंघेल, मनोज राठी, सुनील छटवानी शरण ठाकुर, अरुण सिंह माधो छुरा, कमल धृत लहरें गुलाब मखीजा, सचीन अग्रवाल परवेज भाई महेंद्र कुमार बागडोरिया सहित छत्तीसगढ़ सिख समाज के युवा अध्यक्ष दलजीत चावला अपने साथियों के साथ स्वागत किये ।

■ न्यूज गैलरी

विस् अध्यक्ष डॉ. महंत ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश वल्र्यानी को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक श्री रमेश वल्र्यानी के निधन की सूचना से स्तब्ध, दुःखी हूँ। डॉ महंत ने कहा, रमेश वल्र्यानी जी कर्मठ जुझारू पार्टी के निष्ठावान सिपाही थे। उनका राजनीतिक जीवन मूल्यों पर आधारित रहा, सदैव ही अनेकता में एकता की बातें करते थे। ईश्वर उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें, तथा उनके शुभचिंतकों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करे।

मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थल पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें

रायपुर/नवप्रदेश।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने रायपुर जिले में नगरपालिका आम/उप निर्वाचन 2021 के तहत बीरगांव एवं गोबरा नवापारा में 20 दिसंबर को हो रहे मतदान एवं 23 दिसंबर हो रहे मतगणना के लिए सभी मतदान केन्द्रों एवं मतगणना स्थल पर कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए है। इसके तहत उन्होंने मतदान दलों/मतगणना दलों/अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक रूप से मास्क उपलब्ध कराने को कहा है तथा कहा है कि मतदान केन्द्र पर मतदाता एवं मतगणना स्थल पर अभियार्थी एवं उसके अभिकर्ता अपना स्वयं का मास्क उपयोग करेंगे। आकस्मिक स्थिति के लिए अतिरिक्त मॉस्क मतदान दलों को मतदान केन्द्र पर उपयोग हेतु दिये जायें तथा मतगणना स्थल पर भी अतिरिक्त मास्क रखे जाये।

भाजपाईयों की भाषा और आचरण बता रही, निकाय चुनाव हार रही : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपाइयों की अभद्र बोली भाषा और उनका आचरण बता रहा कि भाजपा 15 नगरी निकाय क्षेंत्रों में बुरी तरह से चुनाव हार रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि रमन सिंह का कलेक्टर, एसपी का सार्वजनिक मंच से धमकाना, अजय चंद्राकर का लोंगों को जिंदा वापस नही जाने की चेतावनी, हाथ काट लेने की धमकी महिलाओं का बुरका उतरवा देने की अभद्र भाषा चुनाव परिणाम के पहले का एक्जिट पोल है। जिससे स्पष्ट है कि भाजपा मतदान से पहले हार मान चुकी है। भाजपा नेता जनता के मुद्दों पर बात करने का साहस नही जुटा पा रहे है। उनके पास सिवाय नकारात्मक बातों के कुछ भी नही है। वे अभद्र भाषा बोलकर समाचार माध्यमों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की कवायद में लगे है।

जनता के हर सुख दुख में सरकार हमेशा साथ : प्रभारी मंत्री भेंड़िया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री और धमतरी जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने आज नगरी विकासखंड के ग्राम सेमरा में कुल 11.45 लाख रुपए की लागत के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें शीतला मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन पांच लाख रुपए और नवीन आंगनबाड़ी केंद्र भवन का लोकार्पण 6.45 लाख रुपए शामिल है। ग्राम सेमरा के शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गांव, परिवार, समाज और प्रदेश लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेशवासियों के चहुंमुखी विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है और आमजनता के हर सुख-दुःख में सरकार साथ है। इस अवसर पर केबिनेट मंत्री श्रीमती भेंड़िया ने ग्रामीणों की मांग पर संस्कृति विभाग से दस लाख रुपए की राशि की अनुशंसा करने की बात कही।

मतदाता फोटोयुक्त मतदाता पर्ची दिखाकर कर सकते हैं मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के तहत् 20 दिसम्बर को वोट डाले जायेगें। इस दौरान मतदाता को पहचान पत्र प्रस्तुत करना होता है। मतदाताओं की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में वोटर सर्च की सुविधा दी गई है। जिसमें जाकर मतदाता अपना नाम देख सकते हैं साथ ही फोटो युक्त मतदाता पर्ची भी डाउनलोड व प्रिंट कर सकते हैं। इस लिहाज से मतदाता अभी से अपनी पर्ची प्रिंट करवाकर रख सकते हैं। यदि मतदाता के पास पहचान का कोई अन्य मान्यता प्राप्त दस्तावेज उपलब्ध न हो तो उसे निराश होने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता पर्ची का उपयोग कर वह अपना वोट डाल सकता है।

केंद्र छत्तीसगढ़ से उसना चावल लेने पर शीघ्र सहमति दे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने उसना चावल मामले में केंद्र सरकार द्वारा अभी तक राज्य सरकार के अनुरोध पर निर्णय नहीं लिये जाने पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि राज्य में अभी तक 8 लाख 59 हजार किसानों ने अपना धान बेच दिया है। 31 लाख 14 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। इस वर्ष राज्य सरकार ने 105 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। इस वर्ष धान खरीदी के साथ कस्टम मिलिंग के लिये धान उठाव का काम भी तेजी से चल रहा ताकि खरीदी केंद्रों पर जाम की स्थिति न निर्मित हो। राज्य सरकार से इस साल केंद्र सरकार ने 61.5 लाख मीट्रिक टन चावल सेंट्रल पुल में लेने की स्वीकृति दिया है। केंद्र ने इस वर्ष राज्य से उसना चावल नहीं लेने का निर्णय लिया है। केंद्र के द्वारा छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं लेने के राज्य का लगभग 45 फीसदी धान के बारे में अनिर्णय की स्थिति बनेगी क्योंकि छत्तीसगढ़ में पैदा होने वाला धान 45 फीसदी उसना प्रजाति का है, ऐसे में छत्तीसगढ़ के सामने उसना चावल के समाधान की बड़ी समस्या पैदा होगी। साथ ही राज्य के 500 से अधिक राईस मिलें जिसमें उसना चावल की प्रोसेसिंग होती है वे बंद हो जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के सामने आने वाली इस समस्या के मद्देनजर केंद्र से अपने निर्णय पर पुनर्विचार कर छत्तीसगढ़ से उसना चावल लेने का अनुरोध किया है। धान खरीदी को 17 दिन से अधिक बीत गये केंद्र सरकार ने अभी तक छत्तीसगढ़ के उसना के संबंध में कोई भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया। केंद्र का यह रवैया राज्य के किसानों के सामने संकट पैदा करने वाला है। राज्य सरकार इस साल 105 लाख मीट्रिक टन की रिकार्ड खरीदी करने वाली है। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के चावल के संबंध में निर्णय नहीं लेगी तो राज्य सरकार धान के इस ढेर को लेकर कहां जायेगी?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा सरकार का यह रवैया राज्य की धान खरीदी को बंद करवाने का षड़यंत्र नजर आ रहा है। संघीय ढांचे में राज्य से कृषि ऊपज का उपार्जन केंद्र का दायित्व है। भाजपा की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के मामले में लगातार राज्य के हितों के खिलाफ निर्णय लेती है। छत्तीसगढ़ को बारदाना देने में भी मोदी सरकार का रवैया राज्य के लिये असहयोगात्मक है। भाजपा के छत्तीसगढ़ के नेता भी केंद्र की चाटुकारिता में राज्य के हितों के खिलाफ बातें करते है। भाजपा छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते राज्य के किसानों का विरोध करने लगी है।

सहायक शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, यज्ञ-हवन कर किया विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले सहायक शिक्षकों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि रविवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल का 9वां दिन है. सरकार को सद्बुद्धि मिले इसीलिए प्रदर्शनकारियों ने यज्ञ-हवन का कार्यक्रम किया हैं, ताकि हमारी 1 सूत्रीय मांग वेतन विसंगति जल्द से जल्द दूर हो सके. आज भी हजारों की संख्या में सहायक शिक्षक धरना स्थल में जुटे हैं और कई लोग आ रहे हैं.अध्यक्ष मनीष ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएगी, हम धरना स्थल छोड़कर नहीं जाएंगे. विभागीय अधिकारी और हमारे प्रतिनिधि मंडल के बीच बैठक भी हुई, लेकिन बातचीत से कोई नतीजा नहीं निकल पाया है.बात विभाग द्वारा जारी नोटिस की है, तो ये षड्यंत्रपूर्वक जारी किया जा रहा है. यह नोटिस हमारे आंदोलन को खत्म करने का षड्यंत्र है. शिक्षक फेडरेशन ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना स्थल से नहीं उठेंगे.

जैसी अमर्यादित भाषा रमन सिंह की वैसी कलंकित बोली अजय चंद्राकर की

■ डॉ. रमन सिंह कलेक्टर एसपी को धमकाने के बजाये मतदाता से हाथ जोड़े

रायपुर/नवप्रदेश। भिलाई एवं बिरगांव नगर निगम चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं अजय चंद्राकर के द्वारा कलेक्टर एसपी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को डराने धमकाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर नगरीय निकाय चुनाव में दिख रही भाजपा की करारी हार के डर से बौखला गये। रमन सिंह अमर्यादित एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर की भाषा लोकतंत्र को कलंकित करने वाली है। रमन सिंह चुनावी सभा में एजेंडा रखने के बजाए कलेक्टर एसपी को धमका रहे है। अजय चंद्राकर ने एक दिन कहा था 'बिरगांव में आने वाला जिन्दा नही जायेगा' मुस्लिम महिलाओं को बुरका पहनकर मतदान करने नही दिया जायेगा। फिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथ काट देने की धमकी देना। असल मायने में भाजपा के नेता कलेक्टर, एसपी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की आड़ लेकर मतदाताओं को अप्रत्यक्ष रूप से धमका रहे हैं।

यह भाषा भारतीय जनता पार्टी की हार की बौखलाहट और उनके नेताओं के गुंडा चरित्र का नमूना है। इस प्रदेश में 15 साल तक सरकार चलाने वाली भाजपा और उसके सरकार में 10 साल तक मंत्री रहा व्यक्ति इतनी अशिष्ट अभद्र शब्दावली का प्रयोग कर रहा है और समूची भाजपा अपने इस अशिष्ट नेता की भाषा पर तालियां बजा रहे है। छत्तीसगढ़ की जनता इस प्रकार की बदतमीजी को बर्दाश्त नहीं करती। पूरे देश में भाजपा नेताओं का यही हाल है। भाजपा छत्तीसगढ़ में जनाधार खो चुकी है मतदाताओं ने भाजपा नेताओं के झूठ अफ्वाह को अस्वीकार कर दिया है। भाजपा के संकल्प पत्र एवं आरोप पत्र को मतदाता तवज्जो नहीं दे रही है। नगरीय निकाय चुनाव में भी भाजपा का हश्र विधानसभा चुनाव की तरह ही होगा। भाजपा के फूल को जनता अब अप्रैल फूल का फूल मान चुकी है यानी भाजपा को धोखेबाज दल मानती है। नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के पहले भाजपा हार स्वीकार कर चूकी है घुटने टेक दी है। छत्तीसगढ़ की जनता ने 15 साल के भ्रष्ट कमीशनखोर रमन भाजपा सरकार का हिसाब-किताब चुकता की है। 15 साल के सत्ता के बाद भाजपा 15 सीट में सिमट गई थी अब 14 सीटों में ठहरी हुई है।

बीरगांव और गोबरा नवापारा में मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदाय

■ आज मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले में नगरीय निर्वाचन निकाय निर्वाचन -2021 के तहत नगर निगम बिरगांव में 20 दिसंबर को होने वाले मतदान के लिए आज आडवाणी आरलीकान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगांव से मतदान दलों को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया गया। इसी तरह नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला नवापारा में मतदान सामग्री का वितरण किया गया।

रिटर्निंग ऑफिसर श्री बी बी पंचभाई ने बताया कि नगर निगम बिरगांव के 40 वार्डो के लिए 20 दिसंबर को मतदान कराया जा रहा है। इस निर्वाचन में बिरगांव नगर निगम क्षेत्र में 186 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में है। इसमें से इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के 40-40 उम्मीदवार तथा अन्य दलों के 20 उम्मीदवार है। 46 प्रत्याशी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

नगर पालिका निगम बिरगांव में कुल 95 मतदान केंद्र बनाए गए हैं ? मतदान का समय सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक है। इसके लिए यहां 80441 कुल मतदाता है जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 36799 तथा पुरुष मतदाताओं की संख्या 43,627 है। अन्य मतदाता की संख्या 15 हैं।

इसी तरह रायपुर जिले के नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के वार्ड क्रमांक 14 में उप निर्वाचन हो रहा है। इस वार्ड में 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है ,जिसमें एक इंडियन नेशनल कांग्रेस, एक भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और 2 प्रत्याशी निर्दलीय है। यहां 2 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल मतदाताओं की संख्या 1091 है। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 546 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 545 हैं।

दिनांक 23 दिसंबर को नगर पालिक निगम बिरगांव के आडवाणी आरलीकान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीरगांव में तथा नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यमिक शाला नवापारा में मतगणना किया जाएगा।

जिले के 10 सेक्टर अधिकारियों को विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदाय

रायपुर/नवप्रदेश। नगरपालिका आम एवं उप निर्वाचन 2021 के शांतिपूर्वक सम्पादन हेतु रायपुर जिले के सभी 10 सेक्टर अधिकारियों को नगरीय निर्वाचन 2021 के संपन्न होने तक 20 दिसंबर से 23 दिसंबर तक के लिये विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने बताया कि इसके तहत श्री पी.एन.साहू, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यात्रिकी सेवा, श्री आर.बी. सोनी कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ रोड विनि., श्री एस.के.कक्कड़ कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध सभाग क्र. 02, श्री आर.के. गौर. कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग क्र. 01, श्री धनंजय चंदेल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग क्र 3, श्री एन के पाण्डेय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग विधानसभा, श्री डी.के.रावटे, कार्यपालन अभियंता, हाउसिंग बोर्ड., श्री सी.के.पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण मंडल, श्री विनोद गहरवार,कार्यपालन अभियंता हाउसिंग बोर्ड क्र. 2, श्री देवकुमार सिंह संयुक्त संचालक, मत्स्य पालन, श्री बी.एस. नायक, जिला पंजीयक, श्रीमती प्राची मिश्रा, जिला योजना अधिकारी को विशेष कार्यपालिक दण्डाधिकारी की शक्ति प्रदान की गई है।

बयानबाजी — भाजपाध्यक्ष कांग्रेस सरकार के कामों की फेहरिश्त देख ले, सवालों के जवाब मिल जायेंगे

भाजपा के सवाल उसकी सरकार के नाकामियों की याद

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने भाजपा के द्वारा नगरी निकाय चुनाव कांग्रेस से पूछे गये 7 सवालों को भाजपा के बेशर्मी और धूर्तता की चरम अवस्था बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपाध्यक्ष के सवाल सतही और तथ्यहीन तथा पूर्वाग्रह से भरे हुये है। यदि विष्णुदेव साय और उनके सलाहकार कांग्रेस सरकार की योजनाओं का ठीक से अध्ययन कर लेते तो उन्हें सवाल करने की जरूरत ही नही पड़ती है। जिस भाजपा के राज में 15 साल तक भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी ही सरकार की पहचान बन चुकी थी। वह किस नैतिकता सें कांग्रेस सवाल खड़ा कर रही है। जिस भाजपा की केन्द्र सरकार और उसके प्रधानमंत्री मोदी झूठ जुमले बाजी के प्रतीक बन गये है। वह भाजपा यदि देश के सबसे विश्वसनीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करने की कोशिश कर रही है तो यह भाजपा की बेशर्मी की पराकाष्ठा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हिस्से का 30 हजार करोड़ से अधिक रोक कर रखने वाली मोदी सरकार मात्र सौ करोड़ रूपये के लिये राज्य के गरीबों को आवास के आबंटन को रद्द कर देती है। छत्तीसगढ़ भाजपाई मोदी सरकार के छत्तीसगढ़ विरोधी कदम पर तालियां पीट रहे है। कांग्रेस बेरोजगारी भत्ते शब्द को सभ्य समाज के लिये अवांछित मानती है कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कभी बेराजगारी भत्ता देने का वायदा नही किया कांग्रेस ने 10 लाख युवाओं को सामाजिक कार्यो से जोड़कर सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से न्यूनतम 2500 रूपये प्रतिमाह कमाने का अवसर देने की बात कही थी जिसे राजीव युवा मितान क्लब के गठन कर कांग्रेस सरकार ने पूरा करना शुरू कर दिया है। बेरोजगारी भत्ता जैसे शब्द भाजपा की शब्दावली के हिस्से है भाजपा ने 2003 के विधानसभा चुनाव में युवाओं को 500 रूपये बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा किया था जिसे 15 साल तक नही दिया। आज छत्तीसगढ़ में बिजली के दाम देश में सबसे कम है। साथ ही कांग्रेस सरकार 39 लाख 63 हजार परिवारों को 2000 करोड़ का बिजली बिल छूट का लाभ दे चुकी है। साथ ही 6 लाख किसानों को निःशुल्क बिजली दी जा रही है। जिस भाजपा ने 15 साल तक स्मार्ट कार्ड से गरीबों के ईलाज में भ्रष्टाचार किया था वे किस नैतिकता से कांग्रेस सरकार के स्वास्थ्य सुविधा पर सवाल खड़ा कर रहे आज छत्तीसगढ़ में 56 लाख परिवार को 5 लाख तक निः शुल्क ईलाज की सुविधा है। साथ ही 9 लाख एपीएल परिवारों को 50 हजार तक ईलाज की सुविधा है। साथ ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य योजना के तहत गंभीर रोगो के ईलाज के लिये 20 लाख तक ईलाज की सुविधा भूपेश सरकार में मिल रहा।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कांग्रेस सरकार से सवाल करने के बजाय आत्म अवलोकरन करे कि 15 सालों इस प्रदेश में भाजपा की सरकार थी किसान आत्महत्या कर रहे थे किसानों से किया गया वायदा पूरा नही किया जाता था आज छत्तीसगढ़ में किसान मजदूर सभी खुशहाल है भाजपा ने किसानों की भलाई के लिये 15 साल पहले कदम क्यो नही उठाया युवाओं के लिये सरकारी नौकरी का द्वार क्यों नही खोला?

संपादकीय

लड़कियों के हित में फैसला

केन्द्र सरकार ने लड़कियों की शादी की उम्र 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का निर्णय लिया है। केबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। अब लड़कों की तरह लड़कियों की तरह विवाह की उम्र 21 वर्ष होगी। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला लड़कियों के हित में है जो कम उम्र में ही ब्याह की जाती रही है। अब तक 18 वर्ष के बाद लड़कियों के शादी का प्रावधान था। इस उम्र तक लड़कियां ग्रेजुएट भी नहीं हो पाती थी और उन्हें शादी के बंधन में बांध दिया था। अभीभावक जल्द से जल्द अपनी लड़कियों के शादी करने के ख्वाहिश मंद रहते है वे ये भी नहीं देखते है कि लड़कियों की शिक्षा अभी अधुरी है। बहरहाल अब 21 वर्ष की उम्र तय हो जाने से लड़कियां ग्रेजुएट तो ही सकती है। जिसके बाद वे आत्मनिर्भर बन सकती है। दरअसल हमारे समाज में यह सोच रही है कि लड़कियों की जितनी जल्द हो सके शादी कर ली जाए। इसी के चलते आज भी बाल विवाह होते है। हालांकि बाल विवाह को रोकने कड़े कानून बनाए गए है इसके बावजूद हर साल बाल विवाह के कई मामले सामने आते रहते हैं। अब लड़कियों की उम्र 21 वर्ष करने से कुछ रूढ़ीवादी लोगों को सरकार के इस फैसले से दिक्कत हो रही है और उन्होंने इस फैसले का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी के दो नेताओं के अलावा असुद्दीन ओवैसी ने भी लड़कियों की विवाह की उम्र 21 वर्ष किए जाने का विरोध किया है। एक सपा नेता ने तो इस बारे में अत्यंत आपत्ति जनक बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने से उन्हें आलागी बढ़ेगी यह दाकिया नुसी सोच है। जिससे उभरने की जरूरत है। सरकार का यह नया निर्णय स्वागत योग्य है और इसे समान नागरिक संहिता के प्रयोग के रूप में ही देखा जा सकता है। लड़कों और लड़कियों की शादी की उम्र 21 वर्ष होने से अब लड़कों की शादी की उम्र अपने आप बढ़ जाएगी। क्योंकि हमारे यहां शादी के समय लड़के की उम्र लड़कियों से अधिक होती है। यदि लड़की 21 वर्ष की होगी तो जाहिर है कि लड़के 22 या 23 वर्ष की आयु में ही शादी करेंगे और तक उन्हें भी अपने पैरों पर खड़े होने का मौका मिल पाएगा। इसलिए सरकार के इस फैसले का विरोध करना अनुचीत है।

विचार

क्या "कांग्रेस" "भाजपा" से "बड़ी" नहीं हो गई है?

राजीव खण्डेलवाल

निसंदेह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही है। फिर चाहे सदस्य संख्या की दृष्टि से हो, अथवा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत पर शासन करने की दृष्टि से। देश में केन्द्र व राज्यों में कुल 16 (9+7) राज्यों में वह स्वयं अथवा अपने सहयोगी दलों के साथ सत्ता पर काबिज है। परन्तु जैसा कि कहा जाता है कि ''सबसे ऊंची जाने वाली पतंग से ही सबसे ज्यादा पेंच लड़ाये जाते हैं'', अब कांग्रेस भाजपा को एक क्षेत्र में जरूर पछाड़ रही है। कौंन सा है वह क्षेत्र? देश में आये नये कोरोना वैरिएंट ''ओमीक्रॉन'' को लेकर देश में अभी तक 23 ओमीक्रॉन कोरोना वैरिएंट से संक्रमितों की संख्या चिंहित हो चुकी है। कुछ के टेस्ट जारी है व उनकी रिपोर्ट आने की है। अभी तक विश्व के लगभग 50 देशों में ओमीक्रॉन फैल चुका है। भारत में पाये गये अभी तक कुल 23 संक्रमितों में से 19 महाराष्ट्र व राजस्थान प्रदेश में है। अर्थात 83 प्रतिशत के लगभग संक्रमित कांग्रेस व सहयोगी शासित प्रदेशों में हैं। शेष 4 संक्रमित अन्य राज्यों में हैं। मतलब साफ है! कांग्रेस का ग्राफ इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। इस ''कीर्तिमान'' के लिए कांग्रेसी सरकारों को आप बधाई क्यों नहीं देना चाहते है? वे राहुल गांधी ही तो थे जिन्होंने सबसे पहले प्रथम कोविड-19 के दौर में यह कहकर नरेन्द्र मोदी की आलोचना की थी कि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट व उड़ानों को मोदी ने तुरंत क्यों नहीं बंद किया। किन्तु,''कालस्य कुटिला गतिरू''। अफ्रीका से यहां से आकर फैला ओमीक्रॉन को रोकने के लिए महाराष्ट्र व राजस्थान की सरकारों ने अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरने वाले यात्रियों को 14 दिन के अनिवार्य क्वारेंन्टाईन में और कड़े नियंत्रण में सरकारी व्यवस्था में क्यों नहीं रखा? जब यह ओमीक्रॉन नामक नया कोविड वैरिएंट दक्षिण अफ्रीका में पाया जाने की जानकारी सबको हो चुकी थी। उसके तुरंत बाद ही अफ्रीका से सीधे उड़ाने अथवा विश्व के अनेक देशों से होकर गुजरने वाली उड़ानों से उतरने वाले हवाई यात्रियों पर इन दोनों प्रदेशों की सरकारों ने प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया? किन्तु ''कांग्रेस को नहिं दोष गुसाईं''। जो लोग सबसे आगे सबसे पहले आकर यह कहकर चिल्लाते रहे कि मोदी ने कोई रोक नहीं लगाई, वे अब चिल्लाने में क्यों पिछड़ कर ''चुप्पी साधने वालों की'' संख्या में आगे रह रहे हैं? क्या कांग्रेस को ''रचनात्मक और सकारात्मक'' रूप से कार्य करने में सबसे आगे आने का प्रयास करना ही नहीं आता है? सिर्फ और सिर्फ नकारात्मक दृष्टिकोण व नीति? इसीलिये मैं यह कहता हूं कि दिल को ''दरिया के समान'' बड़ा कर कांग्रेस को इस उपलब्धि के लिये बधाई दीजिये। इससे अंततः ''आपका'' ही फायदा होना हैं?

तबलीगी जमात पर प्रतिबंध से उपजे सवाल

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> सऊदी अरब द्वारा तबलीगी जमात को आतंकवाद का द्वार कहा जाना मामूली बात नहीं है। भारत सरकार को चाहिए वह सऊदी प्रशासन से तबलीगी जमात के विरोध में ऊठाये गए कदमों की वजह पता करे। इस्लाम के सबसे प्रमुख देश द्वारा ही जब तबलीगी जमात को आतंकवाद का द्वार बताते हुए मस्जिदों से हकाला जा रहा है तब भारत सरकार को भी सतर्क हो जाना चाहिये क्योंकि सऊदी अरब किसी वहाबी संगठन को आतंकवाद से जुड़ा बताये तो ये बात मायने रखती है।भारत सरकार को इस बारे में जानकारी जुटानी चाहिए और इस दिशा में कार्रवाई करनी चाहिए। क्योंकि देश का अमन-चैन और भाईचारा खराब करने की छूट किसी भी संगठन को नहीं दी जा सकती।

तबलीगी जमात के खिलाफ सऊदी अरब ने बैन लगा दिया है जबकि सऊदी खुद को मुसलमानों का सबसे बड़ा हितैषी होने का दावा करता रहा है। चैंकाने वाली बात यह है कि सऊदी सरकार ने तबलीगी जमात को आतंकवाद के प्रवेश द्वारों में से एक बताते हुए समाज के लिए खतरा करार दिया है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या जमात के जरिए आतंकी तैयार हो रहे हैं? सऊदी में बैन की खबर पर भारत में भी इस पर प्रतिक्रियाएं आने लगीं। कई लोगों ने पूछा कि जमात की आलोचना करने पर इस्लामो फोबिक कहने वाले सऊदी अरब के इस कदम पर क्या कहेंगे? दरअसल, जब कोरोना फैलाने का आरोप जमात के लोगों पर लगा था तो विरोध में इसे इस्लामोफोबिया कहा जाने लगा था। अब सऊदी के ऐक्शन पर वह मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

विदेशी धरती पर जहां सुन्नी मुसलमानों के सबसे बड़े संगठन तबलीगी जमात के खिलाफ कार्रवाई की गयी है वहीं देश में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर शिकंजा कसा गया है। खास बात यह है कि दोनों ही संगठनों की शुरुआत भारत से हुई है। तबलीगी जमात 100 साल पहले शुरू हुआ और इसे मुसलमानों के सबसे बड़े धार्मिक सुधार आंदोलन के रूप में देखा जाने लगा। दूसरा संगठन कुछ साल ही पुराना है पर यह विवादों के कारण ही चर्चा में रहा। कभी विदेशी पैसा तो कभी यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर पीएफआई सवालों में घिर गया।

देश में अक्सर इस पर बैन की मांग उठती रहती है। वैसे, तबलीगी जमात की स्थापना देवबंदी इस्लामी विद्वानों द्वारा एक धार्मिक सुधार आंदोलन के रूप में की गई थी। इसका काम इस्लाम के मानने वालों को धार्मिक उपदेश देने के लिए किया गया था। इसे पूरी तरह से गैर-राजनीतिक रखते हुए पैगंबर मोहम्मद साहब की बताई इस्लाम की शिक्षाओं को प्रचारित-प्रसारित करने के लिए किया गया था। हालांकि बाद में इसके रास्ते से भटकने और कई गंभीर आरोप लगने लगे। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश समेत कई देशों में इसके लाखों अनुयायी हैं लेकिन आज हालत यह है कि सऊदी जैसा मुसलमानों का हितैषी मुल्क ही इस संगठन के खिलाफ खड़ा हो गया है। उस पर आतंकी तैयार करने के आरोप लगे हैं। सऊदी के इस्लामी मामलों के मंत्रालय ने जुमे की नमाज के बाद तकरीर में लोगों को जमात के खिलाफ आगाह करने का भी निर्देश दिया है। सऊदी सरकार ने साफ-साफ कहा है कि तबीलीगी जमात के जरिए लोगों के भटकने, ब्रेन वॉश होने का खतरा है। अब वहां की मस्जिदों से लोगों को बताया जाएगा कि यह संगठन समाज के लिए खतरा है।

याद कीजिए, पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का नाम अक्सर किसी विवाद के कारण ही सुर्खियों में रहा है। विदेश से धन हासिल करने, विदेश में संपत्ति होने तो कभी अपराध में शामिल होने के आरोप लगे। ऐसे समय में जब तबलीगी जमात पर सऊदी में तगड़ा ऐक्शन हुआ है, तो देश में पीएफआई पर शिकंजा और कस गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले की जांच के सिलसिले में केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से संबद्ध कम से कम चार परिसरों पर छापे मारे हैं।

फाईल फोटो

एर्नाकुलम और कुछ अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई। हालात को संभालने के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने छापेमारी के दौरान ईडी की टीम को सुरक्षा मुहैया कराई। एजेंसी ने पीएफआई की फंडिंग से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किए हैं। पीएफआई का गठन 2006 में केरल में हुआ था और इसका मुख्यालय दिल्ली में है। केंद्रीय जांच एजेंसी देश में संशोधित नागरिकता कानून के विरोध में प्रदर्शनों को भड़काने, पिछले साल दिल्ली के दंगों और कई अन्य मामलों में पीएफआई के कथित 'वित्तीय जुड़ाव' की जांच कर रही है। पीएफआई पर गंभीर आरोपों के कारण उसके खिलाफ प्रतिबंध की मांग उठती रही है। सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार भी कह चुकी है कि पीएफआई के पदाधिकारियों का कनेक्शन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) से है। असम, यूपी समेत तमाम राज्यों में केंद्र सरकार से पीएफआई पर बैन लगाने की मांग होती रहती है। पिछले साल हाथरस जाते समय केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को गिरफ्तार किया गया था। वह दलित युवती की कथित सामूहिक बलात्कार के बाद मौत के बाद वहां जा रहे थे। बाद में प्रदेश सरकार ने कोर्ट को बताया था कि कप्पन पीएफआई से जुड़े हैं। तबलीगी जमात का काम पूरे विश्व में फैला हुआ है। यंह एक तरह से इसाई मिशनरियों जैसा संगठन है जिसके सदस्य घूम-घूमकर इस्लाम का प्रचार करते हैं। इस संगठन की गतिविधियां संदिग्ध मानी जाती रही हैं। लेकिन सऊदी अरब के समर्थन का ही नतीजा रहा कि भारत सरकार अब तक इस संगठन के मुखिया को पकडने से बचती आ रही है। लेकिन अब जबकि सऊदी अरब जैसे कट्टर इस्लामिक देश ने ही तबलीगी जमात को मस्जिदें खाली करने का निर्देश देते हुए उसे आतंकवाद का द्वार बता दिया तब फिर किसी और प्रमाणपत्र की गुंजाईश ही कहां बचती है। उल्लेखनीय है खुद सऊदी अरब इस्लाम में वहाबी धारा का पालक-पोषक माना जाता है। तबलीगी जमात की शुरुवात 1927 में भारत से हुई और आज भी इसका मुख्यालय भारत में ही है। गत वर्ष कोरोना के फैलाव के आरोप में इसके दिल्ली स्थित मुख्यालय पर छापा मारकर पूरे देश में जमातियों की धरपकड़ की गई थी। उन पर आरोप था कि दिल्ली स्थित मरकज में देश-विदेश के हजारों वहाबियों के जमा रहने से कोरोना फैला। बहरहाल सऊदी अरब का फैसला चैंकाने वाला है।

भारत में देवबंद नामक इस्लामिक केंद्र ने सऊदी सरकार के निर्णय को अमेरिका के दबाव का परिणाम बताते हुए कहा कि इस फैसले को वापिस लिया जाना चाहिए। लेकिन दूसरी तरफ खबर तो ये भी है कि अफगानिस्तान पर काबिज तालिबान ने भी तबलीगी जमात का विरोध किया है। अब जहां तक भारत का सम्बन्ध है तो तबलीगी जमात पर शिकंजा कसने का यही सबसे सही अवसर है। इस संगठन की गतिविधियों को लेकर समर्थन और विरोध दोनों सामने आये हैं। भले ही ये अपने को शांतिप्रिय बताते हों लेकिन दिल्ली स्थित मरकज में पकड़े गये जमातियों ने जिस तरह का उत्पात मचाया और गिरफ्तारी से बचने यहां-वहां छिपते फिरे उसके कारण भी इस संगठन को लेकर आशंकाएं पैदा हुई। (यह लेखक के अपने विचार है, लेखक राज्य मुख्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

झूठी ईशनिंदा का वहशी खेल

विष्णु गुप्ता

> *प्रारंभिक जांच में जो तथ्य सामने आये हैं वे तथ्य गहरी साजिश के संकेत देते हैं। फैक्टरी के मशीनों पर मजदूरों ने अपने प्रतीकों के संबंध में लिखे स्टिकर लगाये थे। ये स्टिकर गहरी साजिश के हिस्से थे। फैक्टरी में विदेशी व्यापरी आने वाले थे। विदेशी व्यापारियों के दौरे होने के कारण फैक्टरी की सफाई हुई थी, फैक्टरी को नया रूप रंग दिया गया था। फैक्टरी की मशीनों पर लगाये गये स्टिकर आज न कल धूमिल होते ही, इसके अलावा स्टिकर फटते ही। फैक्टरी मैनेजर को यह अंदेशा नहीं था कि सिर्फ स्टिकर हटवाने मात्र से उसकी जान चली जायेगी और ऐसी हिंसक घटनाएं उनकी जिंदगी छीन लेगी? मशीनों से स्टिकर हटवाने के पीछे उनकी मानसिकता अपमान करने की नहीं थी।*

ईशनिंदा से संबंधित सभी घटनाएं हिंसक, बर्बर, विभत्स और अमानवीय होती हैं। ईशनिंदा की घटनाएं चाहे पाकिस्तान में घटती है, चाहे अफगानिस्तान में घटती है, चाहे बांग्लादेश में घटती है, चाहे अफ्रीकी मुस्लिम देशों में घटती है, सभी हिंसक ही होती हैं, बर्बर ही होती हैं, विभत्स ही होती हैं, अमानवीय ही होती हैं। हिंसा, बर्बरता पर उतारू भीड़ का दिमाग शून्य हो जाता है, भीड़ पागल हो जाती है, भीड़ को मौत से कम कुछ स्वीकार नहीं होता है, दया करूणा और माफ करने की कोई भावना नहीं होती है, भीड़ का सिर्फ यही लक्ष्य होता कि ईशनिंदा के आरोपित व्यक्ति को जिंदा रहने का कोई अधिकार नहीं है, इसने ईशनिंदा का अपराध किया है, इसलिए इसकी मौत होनी ही चाहिए। इसी लक्ष्य को लेकर पगलाई भीड़ कथित आरोपित को बेरहमी से पिटाई करती है, कथित आरोपित को आग के हवाले कर देती है। भीड़ यह समझने की भी कोशिश नहीं करती है कि कथित अपराधी पर आरोप सचे हैं या झूठे हैं। मुस्लिम देशों में ईशनिंदा आधारित घटनाएं रूक ही नहीं सकती हैं। आखिर क्यों? इसलिए कि इस्लाम आधारित घटनाओं के खिलाफ सभी की एक साथ जुगलबंदी होती हैं, सभी की एक ही राय होती है, सभी कहते हैं कि कथित आरोपी दया का पात्र नहीं हैं। पुलिस, सरकार और न्यायपालिका के अधिकारी, कर्मचारी, राजनीतिज्ञ, सरकार के पदों पर बैठे लोगों की भावनाएं भी कथित आरोपी की मौत का समर्थन करती हैं। यह अलग बात है कि कुछ मुस्लिम देश अंतर्राष्ट्रीय नियामकों की संहिताओं के पालन करने की झूठी सक्रियताएं दिखाते हैं, झूठी एक्शन की बात करते हैं, दुनिया को यह लगता है कि सही में ईशनिंदा से संबंधित घटनाओं पर एक्शन लिया जा रहा है पर समय बीतने के साथ यह स्पष्ट हो जाता है कि मुस्लिम देशों की सक्रियताएं झूठी थी। ईशनिंदा से संबंधित घटनाओं के हिंसक, बर्बर और अमानवीय अपराधी साफ बच जाते हैं, सजा नहीं होती है।

अभी-अभी पाकिस्तान के सियालकोट में ईशनिंदा विरोधी जो घटना हुई है वह घटना कितनी भयानक है, कितनी हिंसक है, कितनी अमानवीय है, कितनी बर्बर है, यह भी स्पष्ट है। जिस किसी ने यह घटना देखी है सभी के दिल दहल गये, अंदर से लोग कांप गये, यह सोचने के लिए विवश हो गये कि क्या आदमी इतना भी अमानवीय हो सकता है। श्रीलंका मूल के फैक्टरी प्रबंधक की सबसे पहले बेरहमी से पिटाई की गयी, उसके अंग-अंग को तोड़ डाले गये। उसके बाद उसकी शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग लगा दी गयी। दुनिया भर में उसके जलते शरीर को देखा गया। भीड़ में कोई एक व्यक्ति भी ऐसा नहीं था जो दया, करूणा और माफ करने में विश्वास रखता था, भीड़ में कोई ऐसा व्यक्ति भी नहीं था जिसे फैक्टरी प्रबंधक की जान की चिंता थी, भीड़ में ऐसा कोई व्यक्ति भी नहीं था जो भीड़ से फैक्टरी प्रबंधक को बचाने की कोशिश तक किया हो, भीड़ में ऐसा कोई व्यक्ति भी नहीं था जो भीड़ को संयमित रखने की कोशिश किया हो, भीड़ में ऐसा कोई व्यक्ति भी नहीं था जो उसके मृत शरीर को ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने से मना किया हो। भीड़ में शामिल सभी लोग खुश थे, भीड़ में शामिल सभी लोग उत्साहित थे, भीड़ में शामिल सभी लोग जश्न मना रहे थे, भीड़ में शामिल सभी लोग अपने आप को वीर घोषित कर रहे थे।

ईशनिंदा विरोधी अपराध का दृष्टिकोण भी बहुत ही जहरीला है, बहुत घृणित है, बहुत ही बर्बर है। आम तौर पर बड़े से बड़े अपराधी अपने बर्बर, हिंसक, लोमहर्षक और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं पर कभी न कभी खेद प्रकट करते है, माफी मांगते है, पचताते है और भविष्य में इस तरह के अपराध नहीं करने के वचन देते है। पर मुस्लिम देशों में ईशनिंदा विराधी जो घटनाएं होती हैं उसके अपराधी कभी भी अपने अपराध पर क्षमा नहीं मांगते है, कभी भी अपने अपराध पर पचताते नहीं है, कभी भी अपने अपराध को गैरजरूरी या हिसंक नहीं कहते है। अपने अपराध को स्वीकृति देते है, अपने अपराध को वीरता के साथ बखान करते है, अपने अपराध को सही ठहराते है, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि इस तरह के अनेक अपराधों को अंजाम देने की धमकी भी देते है। पाकिस्तान के सियालकोट स्थित ईशनिंदा विरोधी घटना में जितने भी अपराधी पकड़े गये सभी ने अपने कुकृत्य पर गर्व किया है, उन्हें कोई पचतावा नहीं है, उन्हें कोई शर्मिंदगी नहीं है। सभी अपराधी कहते हैं कि उन्हें इस घटना पर गर्व है, आगे भी इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने के लिए वे पीछे नहीं रहेंगे। जो भी हमारे प्रतीकों का अनादर करेंगा उसकी मौत हिंसक ही होगी, न्यायालय नहीं, हम खूद सजा देंगे और सजा दिया है। ऐसी बीमार भावना रखने वालों से आपकी उम्मीद और क्या हो सकती है? अधिकतर घटनाओं की पड़ताल में देखा जाता है कि व्यक्तिगत दुश्मनी ही निकाली जाती है, पूर्व निर्धारित लक्ष्य पूरे किये जाते हैं। संपत्ति लूटने का खेल होता है। कहीं मजहबी मानसिकताओं को तुष्ट करना होता है। कहीं ईशनिंदा के माध्यम से गैर मुसलमानों का सफाया करना लक्ष्य होता है। प्रियांथा दियावादना मुस्लिम नहीं थे। प्रियांथा दियावादना बौद्ध थे और श्रीलंका के मूल निवासी थे। पेशे से इंजीनियर थे। उनके परिजनों का कहना है कि पाकिस्तान जैसे मुस्लिम देश में काम करने से उन्हें मना किया गया था। पर प्रियांथा दियावादना नहीं माने। उन्हें जोखिम लेकर काम करना अच्छा लगता था। उन्होंने ईशनिंदा कानून का उल्लंघन भी नहीं किया था। किसी के प्रतीकों का अपमान करना उनका मकसद नहीं था। वे तो ईमानदारी और कुशलता से काम करने वाले थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है ये तेरे चेहरे की काशिश जो

है ये तेरे चेहरे की काशिश जो, मुझे तुझ तक खींच ले आती है।। मैं रूठ कितनी भी दूर चली जाऊं, पर याद बस तेरी बारम्बार सताती है।। मेरी जिंदगी के मालिक सुन, रखना सदा अपनी पनाह में।। के सुख -दुख की भी रैना काली, बस तेरा ही एहसास जगाती है।।
रानी इंदू

हे कान्हा तुझे पाऊँ वो मन्नत से

हे कान्हा तुझे पाऊँ वो मन्नत से कम नहीं तुझे सांसों में महसूस करूँ वो जन्नत से कम नहीं। काश तूने मुझे फूल बनाया होता। फिर तेरे हार में सजाया होता। जब गिरते हार के फूल तेरे चरणों में। तो गिरने का मजा ही कुछ और आया होता।
श्री मंजू

खास पाती

एक धुरी पर टिकी हुई स्त्री

एक धुरी पर टिकी हुई स्त्री अपने अस्तित्व के वर्चस्व को कायम रखना जानती है... वो नित जलाई जाती है पर बदले में सिर्फ पिघलती है प्रेम में ममता में समर्पण में...जलती है, जलाती है खुद को पर डटी रहती है अपने वादों में इरादों में संभावनाओं में... अपने आत्मसम्मान के लिए दूसरों के सुख के लिए जीती है टिकती है पिघलती है... सालों ये सिलसिला चलता है, कोई उसके अंतस की गहनता को समझ नहीं पाता, धीरे-धीरे जलती हुई स्त्री बूंद-बूंद पिघलती है... जाते-जाते भी एक आसमान दे जाती है प्रकाश का उत्कर्ष का उम्मीद का...स्त्री अपने वजूद के लिए जलती है किन्तु उसे पता ही नहीं चलता कब औरों के लिए पिघल गयी। **नीरजा मेहता**

अच्छा हुआ की खो गया बस

अच्छा हुआ की खो गया बस एक खयाल ही तो था अच्छा हुआ कि बिखर गया बस ख्वाब ही तो था अच्छा हुआ कि सूख गया आंसू ही तो था अच्छा हुआ की बिछुड गया अनजान ही तो था अच्छा हुआ कि छूट गया लत ही तो था अच्छा हुआ की रूठ गया बेवफा ही तो था अच्छा हुआ कि टूट गया भरम ही तो था। **कुमुद रंजन झा**

लाखों बार गगरियाँ फूटीं शिकन

लाखों बार गगरियाँ फूटीं शिकन न आई पनघट पर लाखों बार किश्तियाँ डूबीं चहल-पहल वो ही है तट पर तम की उमर बढ़ाने वालो लौ की आयु घटाने वालो लाख करे पतझर कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है।
नमन भल्ला

तुम्हारा तिरस्कार नहीं, समर्पण चाहिए

तुम्हारा तिरस्कार नहीं, समर्पण चाहिए, बाँट सकूं जिससे ,मैं हर गम, तेरी चाहतों का बस, मन सुमन चाहिए।।। पढ़ सके जो, मेरे अंतर्मन के भावों को, मुझकों कोई ,ऐसा दर्पण चाहिए, तेरी चाहतों का बस, मन सुमन चाहिए।।। मेरे दिल का एक कोना,अब भी आबाद नहीं, आबाद कर सकूं, एक ऐसा अपनापन चाहिए, तेरी चाहतों का बस, मन सुमन चाहिए।।। मर सकूँ सुकूँ से, तेरी बाहों में, विश्वास से, परिपूर्ण मधुबन चाहिए, तेरी चाहतों का मन, सुमन चाहिए।।। कर दूं, समर्पित, ज़िन्दगी तेरे नाम ओ साथियां, बस तेरी चाहतों का एक अमूल्य क्षण चाहिए तेरी चाहतों का मन, सुमन चाहिए। **ममता श्री सिंह**

शीत है, शीतलहर-शीत का श्रंगार

शीत है, शीतलहर-शीत का श्रंगार है ये जीवन तो बस प्रेम का आधार है ना विश्वास है-ना अविश्वास है तू मुझमें मैं तुझमें हूं ये ही सार है प्रेम है परिभाषित-शिव ही इक आकार है मिल संग चले तो, शिव-शक्ति साकार है जन्म-मृत्यु जीवन के साक्ष पर अब कैसे पाऊ मैं कि कौन यहां साक्षात है शीत है, शीतलहर-शीत का श्रंगार है ये जीवन तो बस प्रेम का आधार है। **ललित उपाध्याय**

प्यार के रंग अनेक माँ अपने बच्चे

प्यार के रंग अनेक माँ अपने बच्चे से हर किसी को अपने बचपन से भाई को बहन से भाई बहन अपने माँ बाप से पति अपने पत्नी से एक प्रेमी अपने प्रेमिका से हर एक इंसान को अपने देश से न जाने क्यों कुछ लोग इस रंग को बेरंग करते हैं रिश्ते को तोड़ते कोई झूठ का दामन थाम के तो चंद लोग रिश्ते में फूट डाल रहे हैं इस पाक रंग को पाक रहने दें ये एक ऐसा एहसास हैं जो सब पर नहीं चढता और चढ़ गया तो उतरता नहीं इन्हें समझे प्यार के रंग अनेक । **सोनू कुमार आकाश**

QUIZ TIME

1) भारत में राष्ट्रीय आय की गणना का आधार वर्ष कौन-सा है?

2) भारतीय संविधान में कितने प्रकार के आपात उपबन्ध का वर्णन किया गया है?

3) सहारा मरूस्थल से भूमध्य सागर की ओर बहने वाली गर्म हवा का नाम क्या है?

4) 20 हट्र्ज़ से नीचे की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगें क्या कहलाती है?

5) 'वेल्थ ऑफ नेशन्स ' नामक पुस्तक की रचना किसने की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2011-12 (2) 3 (3) सिरोको (4) अवश्रव्य तरंगें (5) एडम स्मिथ

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 20 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1775- लार्ड क्लाईव को बंगाल का गवर्नर बनाया गया। 1780- ब्रिटेन ने हालैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1880- ब्रिटेन, आस्ट्रिया, फ्रांस और रूस ने बेल्जियम को मान्यता प्रदान की।

1876- महान कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने 1876 में राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की। 1928- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ मोतीलाल वोरा का जन्म। 1951- ओमान ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ।

1955- भारतीय गोल्फ संघ का गठन। 1959- भारतीय गेंदबाज जासू पटेल ने कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 69 रन देकर नौ विकेट लिए।

1960- उत्तराखंड के आठवें मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का जन्म। 1985- तिरूपति बालाजी मंदिर में भगवान वैंकटेश्वर को 5.2 करोड रुपये की कीमत वाला हीरा जड़ित मुकुट चढ़ाया गया।

1988- संसद ने 62वें संविधान संशोधन के माध्यम से मतदान करने की आयु 21 से घटाकर 18 साल करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।

1990- भारत और पाकिस्तान एक दूसरे पर परमाणु हमले न करने पर सहमत हुए।

2007- पाकिस्तान की संघीय शरीयत अदालत ने पाकिस्तान नागरिकता अधिनियम को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया।

2010- भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री नलिनी जयवंत का निधन।

नदी बचाने ग्रीन कमांडो ने चेहरे पर ही करवा दी नदी की पेंटिंग

तांदुला और राजहरा डैम के संरक्षण को लेकर की अपील

बालोद/नवप्रदेश। इन दिनों पूरा देश नदी उत्सव मना रहा है। जो 23 दिसंबर तक चलेगा। इस आयोजन का मकसद लोगों को नदियों के संरक्षण को लेकर जागरूक करना है। इस काम में बालोद जिले के ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने भी कुछ अलग करने की ठानी और लोगों को नदियां बचाने के लिए अपने चेहरे पर नदी की पेंटिंग ही कर डाली। इस पेंटिंग संदेश के साथ उन्होंने खुद राजहरा डैम में उतर कर साफ-सफाई की व जीवंत झांकी बनाकर नदियों को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने बालोद जिले के प्रमुख राजहरा डैम और तांदुला डैम व उनकी नदियों के संरक्षण को लेकर लोगों से अपील की है ताकि जीवनदायिनी नदियां आने वाली पीढ़ी को भी संपोषित कर सके। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह का कहना है कि अगर हम आज नदी बचाएंगे तो हमारा कल सुरक्षित होगा। नदियों में जल सुरक्षित होगा। अगर हम इस पर ध्यान नहीं देंगे तो एक दिन नदियां पट जाएंगे और हमारे सामने पानी का संकट भी खड़ा होगा। नदिया जीवनदायिनी है नदियों के रास्ते में किसी तरह की रुकावट नहीं आनी चाहिए। इसके

लिए समय-समय पर साफ सफाई जरूरी है। नदियों में गंदगी नहीं होती अपितु लोग ही गंदगी डाल देते हैं या फिर गंदगी समय पर सफाई न होने से बढ़ जाती है। इसलिए सफाई बहुत जरूरी है। नदियों की स्वच्छता को लेकर मुहिम शुरू करने की जरूरत है। ज्ञात हो कि ग्रीन कमांडों कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर काम कर रहें हैं। विविध आयोजनों के जरिए वे लोगों को पर्यावरण से प्रेम करना सिखाते हैं। अब नदी उत्सव में भी उन्होंने नदी बचाने का एक छोटा सा प्रयास किया है। उन्होंने कहा देश में नदियों के संरक्षण के लिए नदी उत्सव का आयोजन 17 दिसंबर से 23 दिसंबर तक हो रहा है।

विलुप्ति की कगार पर जिले की नदियां : वर्षा जल की एक बूंद बचाने के लिए देश के नदियों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं। इसके आस पास स्वच्छ रखना होगा । पॉलिथीन, प्लास्टिक, रैपर, तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को कूड़े दान में डालना होगा। संरक्षण के अभाव में आज तांदुला नदी मुक्तिधाम के पास तथा राजहरा डेम साइड विलुप्ति की कगार पर है। विजय दिवस के दिन से नदी उत्सव की शुरुआत हुई है। नदी उत्सव 23 दिसंबर 2021 तक पूरे देश में मनाया जाएगा। देश भर के लगभग सभी राज्य पूरे देश में नदियों के संरक्षण और सम्मान के लिए नदी उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस उत्सव में प्रमुख नदियों के रूप में शामिल हैं- गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, महानदी, कावेरी, यमुना, नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा, साबरमती और सरयू। यह समारोह आजादी का अमृत महोत्सव के लिए चल रहे विभिन्न अभियानों का एक हिस्सा है, जो भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे इस आयोजन का महत्व समझते हुए ग्रीन कमांडो जिले में भी नदी बचाने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहें हैं।

मंत्री अकबर श्रीमद् भागवत कथा में हुए शामिल

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर और पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर आज शनिवार

कवर्धा के समीप ग्राम मैनपुरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में शामिल हुए। उन्होंने भागवत कथा में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान श्री मेदनी शंकर चौबे परिवार द्वारा आयोजित है।

भागवत कथा में मंत्री श्री अकबर के साथ श्री नीलकंठ चन्द्रवंशी, क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, श्री लालजी चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री तुकाराम चन्द्रवँशी, श्री चंद्रिका प्रसाद चौबे, समाजसेवी श्री मुकुंद माधव कश्यप, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

मंत्री अकबर का कवर्धा और सहसपुर लोहारा में हुआ जोरदार स्वागत

कवर्धा/नवप्रदेश। कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने सहसपुर लोहारा स्थित अपने निवास में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। उन्होंने सहजता और विनम्रता से ग्रामीणजनों के साथ जमीन में बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इससे पहले कैबिनेट मंत्री श्री मोहम्मद अकबर का आज कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम मैनपूरी और सहसपुर लोहारा में ग्रामीणों तथा जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय किया। श्री अकबर आज अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के एकदिवसीय प्रवास पर थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज जिले के विभिन्न कार्यक्रमो में शामिल हुए।

कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर और पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर आज शनिवार कवर्धा के समीप ग्राम मैनपुरी में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में शामिल हुए। उन्होंने भागवत कथा में विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यक्रम के बाद ग्रामीनोजनो से भेंट मुलाकात कर सबका हालचाल जाना। मैनपुरी कार्यक्रम के बाद मंत्री श्री अकबर सहसपुर लोहारा पहुँचकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों से भेंट मुलाकात कर सबका कुशलक्षेप पूछा। इस अवसर पर मंत्री श्री अकबर के साथ श्री नीलकंठ चन्द्रवंशी, क्रेडा सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि कुमार शर्मा, श्री लालजी चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री तुकाराम चन्द्रवँशी, समाजसेवी श्री मुकुंद माधव कश्यप, एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे।

मृतक किसान के धान के रकबे एवं पंजीयन में कोई अंतर नहीं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छुरिया विकासखंड के ग्राम करेगांव के कृषक सुरेश कुमार द्वारा रकबे में अंतर के कारण आत्महत्या किए जाने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशित तथ्य पूरी तरह से भ्रामक है। गिरदावरी के अनुसार मृतक का जितना धान का रकबा था उतने का पंजीयन किया है। शेष भूमि पर उसने कोई फसल नहीं लगाई थी, इसलिए गिरदावरी के अनुसार उसका पंजीयन नहीं किया गया है। उसने 44 हजार का ऋण लिया था, धान का विक्रय करने पर

76 हजार 415 रूपए की राशि मिलती। राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी का प्रकाशन किया गया था। दावा आपत्ति के लिए आवेदन भी मंगाए गए थे। मृतक सुरेश द्वारा दावा आपत्ति के लिए आवेदन भी नहीं किया गया था। न ही किसी राजस्व अधिकारी को जानकारी दी गई थी। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर जांच कराई गई, जांच में यह पाया गया कि मृतक के धान के रकबे एवं पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हुई थी। पुलिस द्वारा आत्महत्या की जांच की जा रही है। मृतक के पास से कोई सोसाईड नोट आदि प्राप्त नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि मृतक का गिरदावरी के आधार पर ही धान बिक्री के लिए पंजीयन किया गया था। जिले में रकबा को लेकर कोई समस्या नहीं है। धान खरीदी के लिए किसानों की सुविधा हेतु जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गिरदावरी के अनुसार मृतक के संयुक्त खाते की भूमि रकबा 1.538 हेक्टेयर में से रकबा 0.825 हेक्टेयर पर धान बोया गया है जिसके अनुसार रकबा 0.825 हेक्टेयर का पूर्ण पंजीयन हुआ है। मृतक द्वारा धान बिक्री हेतु टोकन नहीं कटाया गया था, धान बिक्री होने पर मृतक को 76 हजार 415 रूपए मिलता।

जिन कंधों पर अंकुश लगाने का जिम्मा, वही आबकारी करा रहा कोचियागिरी

अलग काउंटर बनाकर कोचियों को पेटी-पेटी बेची जा रही शराब

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से हो रही शराब की तस्करी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिस आबकारी विभाग को शराब की अवैध बिक्री रोकने और शराब कोचियाओं की धरपकड़ करने की जिम्मेदारी है। आज वही जिम्मेदार विभाग पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र से शराब की तस्करी कराकर मोहल्ले-मोहल्ले में कोचियाओं के माध्यम से धड़ल्ले से शराब बेच रहा है। इस तरह से

कोचियाओं के माध्यम से शराब की बिक्री कर प्रदेश सरकार के राजस्व को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है, जो राजस्व प्रदेश सरकार को मिलना चाहिए था, वह सीधे आबकारी विभाग की जेब में जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शराब के अवैध कारोबार का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। इसके बावजूद इस दिशा में जिम्मेदार लोगों का कोई नियंत्रण नहीं है। शराब से संबंधित असामाजिक तत्वों की असहज करतूतों से लोग काफी हलाकान हैं। वहीं शराब के अवैध कारोबार की वजह से प्रदेश सरकार को राजस्व की हानि के रूप में प्रतिदिन लाखों का नुकसान हो रहा है।

प्रशासन की नाक के नीचे यह सारा खेल चल रहा है और प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। जिले के गांव-गली और मोहल्ले-मोहल्ले में भी कोचियाओं के माध्यम से शराब बेचने का गोरखधंधा चल रहा है और इस गड़बड़ी से जुड़े तमाम आरोप आबकारी विभाग पर लगाए जा रहे हैं। शराब की घर-घर तक पहुंच होने से परेशान लोगों का कहना है कि शराब की वजह से गांवों में भी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। शराब के काले कारोबार में नाबालिग और किशोरवय लोगों को भी धकेला जा रहा है। वहीं मोहारा स्थित सरकारी शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा कोचियाओं के लिए अलग से काऊंटर खोल दिया गया है। इन काऊंटरों से शहर के कोचियाओं को देशी एवं गोवा की शराब की पेटियां आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। बताया तो यहां तक जा रहा है कि उक्त काऊंटरों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक पेटी के लिए 500 रूपये अधिक राशि ली जाती है।

मक्का खरीदी पर लेट लतीफ, ओने-पौने दाम में किसान हजारों क्विंटल मक्का बेचने को मजबूर

देवभोग/नवप्रदेश। एक ओर राज्य की कांग्रेस सरकार धान में किसानों को शत प्रतिशत लाभ पहुंचा रही है। तो वही दूसरी ओर मक्का की लेट लतीफ खरीदी के फैसले से किसानों द्वारा उत्पादन किए मक्का को ओने पौने दाम मे बेच कर आर्थिक नुकसान उठाने को मजबूर है। क्योंकि 20 दिन पहले मक्का तोड़ाई मिंजाई कर रखें रहे और आगामी जनवरी के अंतिम तक उपार्जन केंद्र पर समर्थन मूल्य 18 सौ 75 रुपए के बदले व्यापारियों के पास 14 से 15 सौ रुपए मैं बेच रहे हैं। बताया जाता है की देवभोग अमलीपदर क्षेत्र के 60 प्रतिशत किसानों ने मक्का बेच लिया है। और वह मक्का उड़ीसा होते हुए आंध्रप्रदेश पहुंचने की बात कही जाती है। जिससे प्रशासन के अफसर भी काफी हद तक अवगत है । जानकारी अनुसार गरियाबंद जिला में 5

हज़ार 55 किसानों का 3 हज़ार 12 हेक्टियर पर मक्का का अब तक पंजीयन हुआ है जबकि 19 हज़ार से अधिक हेक्टेयर पर मक्का उत्पादन करने की बात कही जाती है । ऐसे में सैकड़ों क्विंटल मक्का को संसाधन के अभाव मे किस तरह किसान जनवरी के अंतिम तक रख सकते हैं । क्योंकि अधिक दिनों तक बिना सुविधा के मक्का रखने पर मक्का की क्वालिटी के साथ वजन में भी कमी आने की पूरी संभावना होती है । इसलिए ऐसे नुकसान से बचने के लिए किसानों को 3 से 4 सौ रुपए का नुकसान उठाकर व्यापारियों के पास बेचना मजबूरी हो गया है। और इससे शासन प्रशासन भली-भांति अवगत है ।लेकिन किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए अब तक कोई पहल नहीं हो पाया है। यही वजह है कि कड़ी मेहनत से उत्पादन मक्का को औने पौने दाम पर बेचकर किसान घाटे का सौदा करने को विवश है। किसानों के अनुसार धान कटाई के आसपास मक्का की तोड़ाई किया जाता है और मिंजाई सहित तमाम काम खत्म कर मक्का को खुले में रखना पड़ता है । क्योंकि सैकड़ों क्विंटल धान और मक्का के लिए बारदाना की व्यवस्था होना मुश्किल है। इसके अलावा तोड़ाई के दौरान हजारों रुपए खर्च हुआ होता है । बावजूद इसके कुछ दिनों तक रखने की पूरी प्रयास होती है। लेकिन उपार्जन केंद्र पर मक्का की लेट लतीफ़ खरीदी देख मजबूरी वश ओने पौने दाम मे सेठ साहूकार के पास बेचनापड़ता है। ताकि मक्का के दौरान लिए उधारी को चुकया जा सके

जूडो खिलाड़ियों ने ली ट्रेनिंग

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला जूडो संघ के द्वारा दो दिवसीय शीतकालीन जूडो कैम्प 18 एवं 19 दिसंबर को सम्पन्न हुआ जिसमें राष्ट्रीय जूडो कोच पी. किशोर के द्वारा जूडो के खेल के मूलभूत कौशल तथा फिजिकल ट्रेनिंग दिया गया इस ट्रेनिंग कैम्प में बलौदाबाजार जिला जूडो संघ के सचिव पी. सुरेश राव तथा ब्लैक बेल्ट अभय केशरवानी , भीषम वर्मा , राहुल शर्मा , यशवंत ध्रुव , शुभम तिवारी , नेहा वर्मा तथा सीनियर खिलाड़ी - युवराज साहू , विभांशु मिश्रा , संदीप रात्रे , बलराम यादव, कुमेश साहू , कुणाल वर्मा , समीर वर्मा, नेहा साहू , अनुपूर्णा देवांगन , साक्षी चौहान, हेमलता साहू, द्रोपती साहू , खुशी श्रीवास , नीतू वर्मा, रूपेश्वरी साहू , हर्षा धीवर, अंजलि ठाकुर, पुष्पलता साहू , आशीष अग्रवाल ने इस दो दिवसीय जूडो कैम्प में ट्रेनिंग लिए।

अम्बुजा ट्रक यार्ड में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं कोरोना जागरूकता कार्यक्रम

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर सीएसआर के तहत अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से सीमेंट प्लांट के ट्रक यार्ड में आने वाले ट्रक ड्राइवर एवं उनके हेल्पर सहित स्टाफ के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कोरोना जागरूकता का आयोजन रवान अंबुजा ट्रक यार्ड क्षेत्र में किया

गया। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस संबंध में जानकारी देतें हुए जिला टीबी एचआईवी नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण में टी बी ,एच आई वी,शुगर,और रक्त चाप के जांच की व्यवस्था की गई थी इसके अतिरिक्त कोरोना के जागरूकता एवं टीकाकरण हेतु भी प्रेरित किया गया। चूँकि ट्रक ड्राइवर अपनी दिनचर्या के अनुसार उक्त रोगों के प्रति उच्च जोखिम समूह में आते हैं ऐसे में उनका स्वास्थ्य परीक्षण आवश्यक हो जाता है।

प्रदर्शनी में छात्रों ने बनाया डिजाइन व थीम विधायक और महापौर ने की जमकर तारीफ

छात्रो ने राजस्थानी, मिश्र के पिरामिड समेत कई ऐसे आकर्षक थीम तैयार किये

दुर्ग/नवप्रदेश। आज विधायक श्री अरुण वोरा और नगर पालिक निगम महापौर श्री धीरज बाकलीवाल ने भिलाई के नेहरू नगर स्थित आईएनएसडी ढ्ढहस्ष्ठ इंटरनेशनल स्कूल ऑफ डिज़ाइनिंग में चल रहे बेस्ट ऑफ वेस्ट की प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। विधायक श्री अरुण वोरा एवं महापौर श्री धीरज बाकलीवाल ने छात्रो द्वारा बनाये

गए डिज़ाइन व थीम को सराहा छात्रो ने राजस्थानी, मिश्र के पिरामिड समेत कई ऐसे आकर्षक थीम तैयार किये थे जिसने अतिथियों का मन मोह लिया।

विधायक और महापौर ने कहा

कि जिस तरह छात्रो ने मेहनत की है वो साफ दिखाई दे रही है आने वाले दिनों में भिलाई में ये अपनी उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करेंगे,पहले हमें फैशन डिजाइन और इंजीनियर के लिए बड़े शहरों के बड़े डिजाइनर पर निर्भर होना पड़ता था अब भिलाई में इस तरह के छात्र तैयार हो रहे है जिससे शहर और घर सुंदर व आकर्षक बन सकेंगे। वही उन्होंने कहा कि जिस तरह से पुराने और वेस्ट सामग्री से छात्रो ने आकर्षक सामग्री बनाई है यह सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का एक बहुत ही उम्दा उदाहरण है। नगर पालिक निगम इससे सीख लेकर विधायक श्री अरुण वोरा के मार्गदर्शन में भविष्य में इस तरह के प्रयास करने की बड़ी कोशिश करेगे और शहर को सुंदर बनाने के अपने लक्ष्य और नागरिकों के प्रति अपनी दायित्वों को पूरा करेगे।जनसंपर्क विभाग/राजू बक्शी

भिलाई3-चरोदा में बृजमोहन का रोड शो, जनता से मांगा भाजपा के लिए आशीर्वाद

विकासपरक सोंच सिंर्फ भाजपा की,कांग्रेस ने हमेशा किये झूठे वादे : बृजमोहन

भिलाई3-चरोदा/नवप्रदेश। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पूर्व मंत्री,विधायक एवं भिलाई3 चरोदा निगम चुनाव के संचालक बृजमोहन अग्रवाल ने भिलाई 3 चरोदा में रोड शो किया आधा दर्जन सभाएं की और जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर भिलाई 3 चरोदा नगर निगम चुनाव में पार्षद पद पर खड़े प्रत्याशी एवं क्षेत्रीय भाजपा नेता भी उनके साथ मौजूद थे। इस अवसर पर भिलाई 3 चरोदा की जनता ने बृजमोहन अग्रवाल अग्रवाल का अभिनंदन किया श्री अग्रवाल ने भी हाथ जोड़कर जनता जनार्दन का अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भिलाई चरोदा नगर निगम का यह चुनाव शहर का भविष्य तय करेगा।

उन्होंने कहा कि विकास परक सोंच सिंर्फ भारतीय जनता पार्टी के पास है। आज छत्तीसगढ़ में जो भी विकास दिख रहा है वह भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। चाहे दिल्ली की मोदी जी की सरकार क्यों न हो। भिलाई 3 चरोदा की जनता से हमने वादा किया है कि आप ज्यादा से ज्यादा भाजपा पार्षद जीता कर शहर में भाजपा का महापौर बनाएंगे तो हम हर वार्ड में स्वास्थ्य क्लिनिक, प्रत्येक वार्ड में बेरोजगार युवक युवतियों के लिए 25 -25 दुकानें, महत्वपूर्ण स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा महापौर बनने के बाद वृहद पेयजल योजना को पूर्ण करना हमारी प्राथमिकता होगी।

बृजमोहन ने कहा कि भिलाई 3 चरोदा निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 11 गाँवों में विकास की बड़ी संभावना है।पूर्व की हमारी भाजपा सरकार इस दिशा में बड़ा कदम उठा कर विकास के लिए राशि स्वीकृत की थी जिसे कांग्रेस सरकार ने वापस मंगा लिया।

ऐसे पूर्वाग्रही कांग्रेस को सबक सिखाने का यह सुनहरा मौका है। जनता को चाहिए कि विकास विरोधी कांग्रेस को शहर की सत्ता में आने से रोके इसके लिए पहला कदम अपने वार्ड से भाजपा पार्षदों को जिताये।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ ठगी की है। झूठे वादे दिखाकर वे सत्ता में आये है। पिछले 3 साल में उनका एक भी वादा पूरा नही हुआ है। हम कांग्रेस के शराबबंदी वादे की बात करे तो यहा माजरा ही उल्टा हैं। शहर-गाँव-गली में शराब की नदियां बह रही है। प्रदेश का माहौल खराब किया जा रहा है।

बृजमोहन ने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए अपना आशीर्वाद भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों को दे और महापौर भाजपा का बनाये।

जेसीबी चोरी करने वाले 3 चोर पकड़े गए

■ सक्रिय है पुलिस, कबाड़ियों ने यार्ड में पूरी मशीन को गला दिया था

खरोरा। 29 अक्टूबर को नगर के पास स्थित ग्राम मांठ से चोर 10 लाख की जेसीबी मशीन चुरा ले गए थे। चोरी का पता न भी चलता क्योंकि चोरों ने जेसीबी को एक कबाड़ियों यार्ड में बेच दिया था, जहां मशीन गला दी गई पर पुलिस ने संदिग्ध चोरों की धरपकड़ का अभियान चलाया है, जिसमें पकड़े गए आरोपी सख्ती से पूछताछ में फूट पड़े और सच उगल दिया। अब सभी 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर में न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। दरअसल कबाड़ी ऐसे है सामानों को टुकड़ो-टुकड़ों में काटकर गलाकर बेखते हैं ताकि

किसी को शक न हो। दरअसल खरोरा थाना प्रभारी रमेश मरकाम ने एक विशेष आपेरशन चलाया है जिसके तहत क्षेत्र में जितने भी चोरी के मामले

सामने आए हैं, उसमें शामिल संदिग्धों से वे सख्ती से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए एक विशेष टीम का गठन भी किया है। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने उक्त वाहन चोरी करने वाले संदिग्ध आरोपी महेंद्र साहू पिता बलराम साहू (19) निवासी बहेरा थाना बेमेतरा, राहुल वर्मा पिता कौशल वर्मा (19) निवासी बहेरा थाना बेमेतरा, बंटी शर्मा उर्फ मनीष पिता गौरीशंकर (26) निवासी धनलक्ष्मी नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चोरों ने जेसीबी मशीन चोरी कर बेचने और उसे गलाने की पूरी कहानी बता दी।

ठिठुरन बढ़ी, चौक चौराहों पर जला अलाव

खरोरा। क्षेत्र में ठिठुरन भरी ठंड शुरू हो गई है। इससे बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। वहीं दोपहर में ठंडक रहने से धूप नहीं चूभ रही है और धूप में रहना लोगों को भा रहा है। जहां रात को तापमान काफी नीचे चला जाता है और ठिठुरन बढ़ जाती है। वहीं युवा, बच्चे व बुजुर्ग गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे हैं। बच्चे स्वेटर व टोपी लगाकर स्कूल जाने लगे हैं।

टीकाकरण महाकुंभ आज, नपा अध्यक्ष ने टीका लगवाने आमजन से की अपील

कवर्धा। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका परिषद कवर्धा के संयुक्त टीम द्वारा *''टीका तुहंर दुवारी'' कोविड टीकाकरण

महाकुंभ* के तहत आज 18 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाना है जिसके लिए नगर पालिका से टीम रवाना हो चुकी है नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कवर्धावासियों से अपील करते हुए कहा कि आपके वार्ड, आपके घर, आपके गली-मुहल्ले में पहुंचे कोविड टीकाकरण टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए टीकाकरण से छूटे परिवारों का टीकाकरण अवश्य करावें। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने सभी से अपील करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की संयुक्त टीम नगर पालिका कर्मचारी, शिक्षा विभाग शिक्षकगण, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका दीदी आपके घर तक पहुंचकर छूटे परिवारो का आज टीकाकरण करेगें। सभी कवर्धावासी टीकाकरण हेतु आपके घर तक पहुंचे टीम का स्वागत करते हुए उनको टीकाकरण कार्य में सहयोग प्रदान करें। छत्तीसगढ सरकार कोरोना मुक्त छत्तीसगढ़ व 100 प्रतिशत टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है टीकाकरण अवश्य करावें। ताकि आपका व आपका परिवार सुरक्षित रहे।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही, खाद्य निरीक्षक निलंबित

बेमेतरा । नगरीय निकाय निर्वाचन कार्य में गंभीर लापरवाही बरतने के कारण खाद्य निरीक्षक नवागढ़ विवेक मिश्रा को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर संदीपान ने आज निलंबन आदेश जारी किया। खाद्य निरीक्षक श्री मिश्रा का निलंबन अवधि में मुख्यालय खाद्य शाखा कार्यालय कलेक्टर जिला बेमेतरा मे नियत किया गया है।

नगरीय निकाय चुनाव: सामान्य प्रेक्षक ने नपं. मारो में आम निर्वाचन के तैयारियों का जायजा लिया

बेमेतरा । बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ के नगर पंचायत मारो के आम निर्वाचन के लिए नीलकण्ठ टीकाम संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रायपुर को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। श्री टीकाम ने आज नगर पंचायत मारो का दौरा कर आम निर्वाचन की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने मतदान केन्द्र, स्ट्रांग रुम एवं मतगणना स्थल का मुआयना किया। इस दौरान अपर कलेक्टर डॉ. अनिल पाजपेयी, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग बेमेतरा चन्द्रशेखर शिवहरे लाईजनिंग अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण तिवारी, एसडीएम विश्वास राव मस्के सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एमएलए फुटबॉल चैम्पियन ट्राफी बेरला के फाइनल मैच में शामिल हुए विधायक छाबड़ा

बेमेतरा । जिलें के नगर बेरला में फुटबाल क्लब बेरला के तत्वधान में आयोजित एमएलए फुटबॉल चैम्पियन ट्राफी (बेरला फुटबाल चैम्पियनशिप) में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए।सर्वप्रथम विधायक आशीष छाबड़ा ने खिलाड़ियों का परिचय जाना एवं ट्रास कराकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि नगर बेरला के इस ऐतिहासिक खेल मैदान में फुटबाल क्लब बेरला के तत्वधान प्रथम वर्ष स्रू फुटबॉल चैम्पियन ट्राफी (बेरला फुटबाल चैम्पियनशिप) का भव्य आयोजन किया जा रहा है, अपनी ओर से आप सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं देता हूं, बेरला के फुटबाल चैम्पियन की शुरुवात 2019 में किया गया था, उस समय का फाइनल टीम जो आज फाइनल में है, चरोदा स्रष्ट एवं डोगरगढ़ स्रष्ट के मध्य खेला गया था, जिसमें चरोदा स्रष्ट विजेता बना था, फुटबाल चैम्पियनशिप का आयोजन टूर्नामिंट के बेरला नगर का एक अलग पहचान बन चुका है। इस टूर्नामिंट को आकर्षक और विश्वसनीय बनाने में बेरला फुटबॉल क्लब के सैकड़ो युवा काफी मेहनत व लगन से व्यवस्था करते हैं। हम सबके अंदर विशेष प्रतिभाएं छुपी हुई हैं, हमें उन्हें बाहर लाना चाहिए और हमेशा उन्नति की ओर बढ़ना चाहिए, शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी हैं। खेल प्रतिभागियों को अनुशासन व आत्मनियंत्रण सिखाता है। हमें पढ़ने के साथ साथ खेलकूद पर भी ध्यान देना चाहिए, शिक्षा के साथ ही साथ खेल के माध्यम से भी हम अपने गांव, प्रदेश, देश नाम रोशन कर सकतें हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में विकास कार्यों के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने का काम कर रही हैं। खेलों को बढ़ावा देने सरकार की नीति के तहत हर स्तर पर विभिन्न खेलों का आयोजन कर रही है, हमारे जीवन में खेल का बहुत अधिक महत्व हैं। हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए खेल में एक सिक्के के दो पहलू होता है, जब दो टीमों के बीच प्रतिस्पर्धा होती है तो एक टीम की जीत तो दूसरी टीम की हार होती है।

जोरातराई, कछारडीह और सिनोधा में ओवरहेड टैंक की सौगात

■ संसदीय सचिव ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया

महासमुन्द। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने आज जोरातराई, कछारडीह व सिनोधा में जल जीवन मिशन के तहत ओवर हेड टैंक व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, दाऊलाल चंद्राकर, आलोक नायक, कमलेश चंद्राकर, घनश्याम जांगड़े, सत्यभान जेंडरे, खोम सिन्हा, कमलेश ध्रुव, विवेक पटेल, आवेज खान, संतोष साहू आदि मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने गुरू घासी दास बाबा की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि जल्द ही आने वाले दिनों में हर घर को साफपानी सुलभ हो सकेगा। जल जीवन मिशन योजना के तहत इसके क्रियान्वयन की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत पानी टंकी के साथ ही पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य कराया जा रहा है। गांवों में पेयजल किल्लत दूर होने के साथ ही प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से घरों तक पानी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूपेश सरकार लगातार जनहित में फैसले लिए जा रहे हैं। आज महासमुंद क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। हर क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रदेश के किसानों का धान सबसे ज्यादा प्रति क्विंटल 25 सौ 40 रुपए में खरीदा जा रहा है। किसानों को धान की कीमत अगले साल इससे भी ज्यादा मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर उचित पहल करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच हीरा दिनेश्वर साहू, लव कुमार पटेल, पीला राम ध्रुव, भुवनेश्वर यादव, महेंद्र दीवान, जमुना बाई पटेल, दिनेश्वर साहू, मनहोरी साहू, प्रेमलाल टंडन, भोला पटेल, मंजू दीवान, भारती यादव, संतो साहू, भागवत साहू, गीता साहू, दयादास मानिकपुरी सहित तीनों गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

गुरु घासीदास की 265 वी जयंती मनाई गई

खरोरा। ग्राम बनरसी में परम पूज्य गुरु घासीदास जी का 265 वी जयंती बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन साहू जी साथ में विशिष्ट अतिथि के रुप में जनपद सदस्य योगेंद्र याद साहू, अध्यक्षता करते हुए सरपंच लखनलाल साहू , उपस्थित अतिथियों ने सर्वप्रथम परम पूज्य गुरु घासीदास जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की इसके बाद ग्रामीणों द्वारा जैतखाम में पालो चढ़ाया गया इस अवसर पर क्षेत्र के जिला पंचायत प्रतिनिधि मोहन साहू द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि जिन विभूतियों के कारण छत्तीसगढ़ की मिट्टी गौरवान्वित होती है उनमें से एक नाम परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी का शामिल है इन्होंने जाति धर्म के भेद को तोड़ते हुए मनखे मनखे एक समान का संदेश प्रसारित किया जो आज भी अत्यंत प्रासंगिक है जिन्होंने गुरु घासीदास जयंती की बधाई देते हुए कहा कि बाबा की जन्म स्थल गिरौदपुरी में विश्व का सबसे ऊंचा जैतखाम बनाकर छत्तीसगढ़ की सरकार ने मिसाल कायम किया है साथ में सभी ग्रामीणों से निवेदन किया गया कि सर्व समाज मिलकर बाबा जी का जयंती मनाया जाना चाहिए ।

'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश से बाबा गुरू घासीदास ने दुनिया को दी महान सीख : छाबड़ा

■ पिरदा को मिला 23 लाख रुपए के विकास कार्यों को सौगात...

बेमेतरा। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम पंचायत पिरदा, ग्राम पंचायत हसदा एवं नगर बेरला में आयोजित परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जयंती एवं लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए।ग्रामवासियों एवं समाज के द्वारा अतिथिगणों का पंथी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम परमपूज्य गुरु बाबा घासीदास जी की पूजा अर्चना कर ग्राम पिरदा में सुगम सड़क योजना अंतर्गत बस्ती पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 20 लाख एवं 3 लाख रुपए से नव निर्मित जोड़ा जैतखाम का फीता काट लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक आशीष छाबड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़ा सौभाग्य का विषय है परम पूज्य गुरू बाबा घासीदास जयंती एवं लोकार्पण समारोह का भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं। बाबा गुरु घासीदास का ''मनखे-मनखे एक समान'' का संदेश हम सबका आदर्श हैं।

गुरू घासीदास जयंती में शामिल हुए संसदीय सचिव

महासमुंद। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर आज शनिवार को बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर गुरू घासीदास बाबा के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को बाबा गुरू घासीदास जयंती की शुभकामनाएं भी दी।

आज 18 दिसंबर को क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर शामिल हुए। ग्राम नवागांव पटेवा में आयोजित कार्यक्रम में जयंती की बधाई देते हुए कहा कि बाबा गुरू घासीदास जी के संदेश आज भी प्रासंगिक है। समाज में व्याप्त छुआछूत की भावना के विरुद्ध मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा के बताए मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति अपने जीवन में अपना तथा अपने परिवार की उन्नति कर सकता है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास का जन्म समय पर हुआ था जब समाज में छुआछूत उसने झूठ कपट का बोलबाला था बाबा ने ऐसे समय में समाज में समाज को एकता भाईचारा तथा समय सबके संदेश दिया। गुरु घासीदास बाबा ने अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शांति का उपयोग मानवता की सेवा के कार्य में किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, दाउलाल चंद्राकर, घनश्याम जांगड़े, खोम सिन्हा, आनंद राम सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कलेक्टर व नगर पालिका अध्यक्ष ने वार्ड में चल रहे सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण किया

सड़क निर्माण के दौरान पेड़ लगाये जाने हेतु नियम शर्त कंडिका में शामिल करने निर्देश

कवर्धा/नवप्रदेश। शंकर नगर वार्ड क्र. 08 में चल रहे सीसी रोड़ निर्माण का आज कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा निरीक्षण करने पहुचे। कोविड टीकाकरण महाकुंभ के दौरान वार्डो में कोविड टीकाकरण से वंचित परिवारों को प्रेरित करने पहुंचे जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व नगर पालिका टीम पहुंचे हुए थे इसी दौरान वार्ड में चल रहे सड़क निर्माण का निरीक्षण भी किया।

कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने वार्डो में चल रहे सीसी रोड़ निर्माण कार्य को नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा के साथ घुमकर निरीक्षण किया। उन्होनें निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डो में चल रहे कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखे तथा चल रहे कार्यो का पर्यवेक्षण भी ठीक ढंग से करावें।

उन्होनें कहा कि सीसी रोड़ निर्माण हेतु संबंधित ठेकेदार को जारी होने वाले कार्यादेश में स्पष्ट करें कि निर्माण के दौरान बीच-बीच में पेड़ लगाया जावे तथा जारी होने वाले भवन निर्माण अनुज्ञा में भी घर में पेड़ लगाये जाने की शर्त कंडिका में शामिल करें।

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने निरीक्षण करते हुए बताया कि वार्डवासियों के मांग अनुरूप वार्ड में सीसी रोड़ का निर्माण कराया जा रहा है उन्होनें चल रहे सीसी रोड़ निर्माण कार्य निरीक्षण करते हुए कहा कि रोड़ की गुणवत्ता व मानक अनुरूप बनाये तथा सड़क में प्रतिदिन पानी डाले, जिससे सड़क का मजबूती लंबा समय तक बना रहे। उन्होनें वार्डवासियों से भी कहा कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार व नगर पालिका का सहयोग करें व अपने घर के सामने निर्मित सड़क पर पानी डाले।

निरीक्षण अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे, उपअभियंता अभिषेक श्रीवास्तव उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कम वक्त में की गोवा ...

का संग्राम ऐसी अमर ज्योति है, जो अटल रही है। उन्होंने कहा कि देश तो गोवा से पहले आजाद हुआ था। देश के अधिकांश लोगों को अपने अधिकार थे। उनके पास अपने सपनों को जीने का समय था। उनके पास विकल्प था कि वो शासन व्यवस्था के लिए संघर्ष कर सकते थे। पद प्रतिष्ठा ले सकते थे, लेकिन कितने ही सेनानियों ने वो सब छोड़कर गोवा की आजादी के लिए संघर्ष और बलिदान का रास्ता चुना। गोवा के लोगों ने मुक्ति और स्वराज के लिए आंदोलन को कभी थमने नहीं दिया। उन्होंने भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक आजादी की लौ को जलाए रखा। भारत सिर्फ एक राजनीतिक सत्ता भर नहीं है। भारत मानवता और उसके हितों की रक्षा करने वाला एक विचार है, एक परिवार है। भारत एक ऐसा देश है जहां राष्ट्र सर्वोपरि होता है। जहां एक ही मंत्र होता है राष्ट्र प्रथम। एक ही संकल्प होता है- एक भारत, श्रेष्ठ भारत।

कांग्रेस के वरिष्ठ..

का गम कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अपने नेता रमेश वर्ल्यानी के निधन पर ट्वीट कर लिखा- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रमेश वर्ल्यानी का आकस्मिक निधन हम सबके लिए दुखद है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस परिवार ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को हिम्मत प्रदान करने की प्रार्थना करता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रमेश वर्ल्यानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए ट्वीट में लिखा- पूर्व विधायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश वर्ल्यानी का निधन शोक संतप्त करने वाला है। वे आर्थिक मामलों के अच्छे जानकार थे। मैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए और अब भी उनसे समय-समय पर सलाह मशविरा करता रहा। ईश्वर उनके परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

मांझी के बोल : पंडित...

समुदाय के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था ना कि पंडितों के लिए। अगर कोई गलतफहमी हुई है तो मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने अपने समुदाय के लोगों से कहा है कि आज आस्था के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं लेकिन गरीबों का कल्याण नहीं हो रहा है। पहले एससी लोग पूजा में विश्वास नहीं करते थे लेकिन अब पंडित उनके घर आते हैं, खाने से मना करते हैं लेकिन पैसे लेते हैं।

सपा नेताओं के ...

जानते हैं कि वो ये चुनाव हारने जा रहे हैं। 2022 में सपा की सरकार आ रही है।

ऐसे में वो हर हथकंडा अपना रहे हैं लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि समाजवादी विजय रथ रुकने वाला नहीं है। अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा कि यह अनुपयोगी मुख्यमंत्री हैं। इस अनुपयोगी मुख्यमंत्री के राज में न तो युवाओं को रोजगार मिल पा रहा है और न ही परीक्षाएं हो पा रही हैं। पेपर लीक हो रहे हैं। नौजवान परेशान हैं। किसान परेशान हैं और सरकार है कि उनकी बात सुनती ही नहीं है। अनुपयोगी मुख्यमंत्री को पता है कि जनता उन्हें हटा देगी इसलिए वो आयकर विभाग की रेड करवाकर हमें डराना चाहते हैं लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं।

टेनी के घर क्यों नहीं चला बुल्डोजर : अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र की सरकार ने अजय मिश्र टेनी को अभी तक बर्खास्त क्यों नहीं किया गया है? जो लोग खुद को बुल्डोजर वाली सरकार का दावा करते हैं उनका बुल्डोजर टेनी के घर पर क्यों नहीं चला? अखिलेश यादव ने पत्रकारों को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद का भी वीडियो दिखाया। जिसमें वह कह रहे हैं कि आयकर के छापों से भाजपा को वोटों का नुकसान होगा। सरकार को इस तरह की हरकतों से बचना चाहिए।

12 घंटे के भीतर दो ...

लड़ा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिले में धारा 144 लगा दी गई है। यातायात के दौरान चेकिंग बढ़ा दी गई है। साथ ही गैर-जरूरी तौर पर इकट्ठा होने पर पाबंदी लगा दी गई है।

एसडीपीआई नेता की बाइक को कार से टक्कर मारी : एसडीपीआई के स्टेट सेक्रेटरी के एस शान पर शनिवार रात कुछ लोगों ने हमला किया। शान बाइक से घर लौट रहे थे, इसी दौरान एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी।

न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202112082200017
अ-20(1) 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल पिता माखनलाल साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्र. 16-बी भूखंड क्र. 130/2 कुल क्षेत्रफल 56.00 वर्गमीटर भूखंड हेतु जारी नजूल संधारण खसरा में धारक मोहनलाल पिता माखनलाल साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है।

आवेदक मोहनलाल पिता माखनलाल साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा शीट क्र. 16बी, भूखंड क्र. 130/2 क्षेत्रफल 56.00 वर्गमीटर को धारक मोहनलाल पिता माखनलाल साकिन कवर्धा के नाम पर भूमि स्वामी हक प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः इस भूमि स्वामी हक के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 13/01/2022 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। अतः आज दिनांक 13/12/2021 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 13/12/2021
पेशी दिनांक 03/01/2022

नजूल जांच अधिकारी
जिला-कबीरधाम

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

भू-विस्थापित लाइन परिचारक संविदा बिजली कर्मचारी कल्याण संघ का आंदोलन 13वें दिन भी रहा जारी

■ **पुलिस बैरिकेट लांघ किया पॉवर प्लांट के मुख्य गेट का घेराव**

जांजगीर-चांपा। आंदोलन के 13वें दिन 18 दिसम्बर को भू-विस्थापित संविदा कर्मियों ने मड़वा पॉवर प्लांट का फिर से लगातार दूसरे दिन घेराव किया। पॉवर प्लांट के मुख्य गेट के सामने पुलिस ने बैरिकेट लगा कर प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। किन्तु भू-विस्थापित संविदा कर्मी लगातार हो रहे अनदेखा से उग्र हो गए और संविदा कर्मियों ने बैरिकेट लांघ कर पॉवर प्लांट के मुख्य गेट पर पहुंच कर जोरदार एक बार फिर प्रदर्शन करने लगे। भू-विस्थापित संविदा कर्मियों ने लगभग 3 घंटे तक जोरदार प्रदर्शन किया ।

जिससे पॉवर प्लांट में आवा-जाही पूर्णरूप से प्रभावित रहा, कार्य भी काफी हद तक प्रभावित हुआ। प्रदर्शन करते हुए, भू-विस्थापित संघ ने पॉवर प्लांट प्रबंधन एवं पॉवर कम्पनी को एक बार पुनः स्पष्ट चेतावनी दिया है, कि यदि 19 दिसम्बर तक माँगे पूर्ण नहीं हुआ तो मड़वा पॉवर प्लांट को 20 दिसम्बर 2021 से पूर्ण रूप से तालाबंदी कर दिया जाएगा। जिससे होने वाले अव्यवस्था के लिए कम्पनी प्रबंधन पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगा। गौरतलब हो कि पिछले 12 दिनों से भू-विस्थापित संविदा कर्मी अपने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करते आ रहे हैं। संविदा कर्मियों ने अब तक पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग दिया है, किन्तु जैसे-जैसे समय व्यतीत होते जा रहा है, वैसे-वैसे आंदोलन उग्र होते जा रहा है और 20 दिसम्बर को भू विस्थापित संविदा कर्मियों ने कम्पनी को डेडलाइन दिया है। मांगे पूर्ण न होने पर पॉवर प्लांट के मुख्य गेट के सामने पंडाल डाल कर तालेबंदी कर विरोध प्रदर्शन दिन-रात चौबीसों घण्टे करने का योजना तैयार किया गया है।

हाथियों के चिंघाड़ से फिर थर्राया धरमजयगढ़

लगातार आवाजाही से दहशत में वनांचल के रहवासी

रायगढ़ (नवप्रदेश) । रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र में बीते कुछ वर्षों से जंगली हाथियों की आवाजाही में इजाफा हुआ है। जहां दिन ढलते ही जंगली हाथियों का दल रिहायसी इलाके की ओर रूख करते हैं। वहीं किसी किसी जगह पर जंगली हाथी दिनदहाड़े सड़क किनारे आ जाते हैं। जिससे सड़क में राहगीरों का आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है। लिहाजा इस क्षेत्र में जंगली हाथियों की मौजूदगी से यहां के ग्रामीणों के लिए मुसीबत बढ़ती ही जा रही है।

इसी कड़ी में मिली जानकारी मुताबिक धरमजयगढ़ के कया जमाबीरा रोड में उस वक्त अफ्रा तफ्री का माहोल हो गया, जब जंगल से निकलकर रिहायशी

इलाकों में प्रवेश करते ही जंगली हाथी के चिंघाड से पूरा गांव थर्रा गया।

इस संबंध में मिली ज्यादा जानकारी के अनुसार जमाबीरा और कया में हांथियों का एक समूह निकल आया था जंगली हाथियों की चिंघाड़ से देखते ही देखते पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

ग्रामीणों की मानें तो इस वनमार्ग में कई जँगली हाथी घूम रहे है। जिससे इस क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में हैं।वहीं संबंधित विभाग और सरकार की ओर से तो अभी तक इस विकराल समस्या से लोगों को निजात दिलाने कोई माकूल इंतजाम सामने नहीं आई है। लगातार जंगली हाथियों की बढ़ती तादाद से पूरे धरमजयगढ़ वन मंडल में एक तरह से इन गजराजों का अघोषित कब्जा हो गया है।

रिहायशी क्षेत्र में घुसकर फसल पहुंचा रहे नुकसान

धरमजयगढ़ वन मंडल में चारो ओर हाथी ही हाथी है रोजाना किसी न किसी क्षेत्र में जंगली हाथियों के द्वारा रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर फसल व घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में इलाके में निवासरत ग्रामीण जागती आंखों में रात गुजारने को मजबूर हैं। क्यों की जीने की खातिर उन्हें अपनी और अपने फसल की हिफाजत करना भी जरूरी है। ऐसे में क्षेत्र के ग्रामीण इन जंगली हाथियों के उत्पात के आगे अपने आप को बेबस और लाचार महसूस कर रहे हैं।

नहीं थम रहे खूनी पहिये.. रायगढ़ चपले नेशनल हाईवे में पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायगढ़। शनिवार रात रायगढ़-चपले नेशनल हाईवे में पिकअप की चपेट में आने से एक युवक की उसके बाईक के नीचे इस कदर दबकर मौत हुई कि सायलेंसर से वह कई जगह जल भी गया। यह हादसा भूपदेवपुर थाना क्षेत्र की है। 108 को फोनकर फरार पिकअप चालक की पुलिस तलाश कर रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़-चपले राष्ट्रीय राजमार्ग के शनिवार रात लगभग साढ़े 8 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब एक पिकअप और मोटर सायकिल (क्रमांक-सीजी 13 यूई 9366) से भिड़ने की घटना में बाईक सवार युवक की जान ही चली गई। बताया जाता है कि ग्राम मुरा और नवापारा के बीच एनएच में हुए हादसे की सूचना

एक पिकअप ने 108 नंबर डायल कर दिया और एम्बुलेंस जब मौके पर पहुंची तब तक वह अपने मोबाइल फोन का स्विच ऑफ कर भाग निकला। वहीं, लोगों का कहना है कि युवक ग्राम काशीचुआं के बाजार से रक्सापाली की तरफ जा रहा था तभी नवापाली पूर्व के पास रोड में बिजली टॉवर के पास वह पिकअप की गिरफ्त में आ गया। चार पहिया वाहन से टकराते ही युवक अपनी ही बाईक के नीचे दब गया, जिससे उसके शरीर के कुछ हिस्से गर्म सायलेंसर से भी जल गए हैं। हालांकि, सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही भूपदेवपुर थाना प्रभारी अपने मातहत के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की, मृतक की शिनाख्त गिंडोला निवासी लकेश्वर राठिया के रूप में हुई है।

बीजापुर जिला जूडो संघ की जिला स्तरीय जूडो टीम का चयन प्रक्रिया हुआ संपन्न

■ **चयनित खिलाड़ी जगदलपुर में आयोजित 20 वें राज्य स्तरीय जूनियर व सीनियर जूडो स्पर्धा में होंगे शामिल**

बीजापुर - नवप्रदेश। बीजापुर जिला जूडो संघ के द्वारा 20 वीं राज्य स्तरीय जूनियर एवं सीनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय जूडो टीम का चयन जनपद स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ जिस में चयनित खिलाड़ी छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में बस्तर जिला जूडो संघ के द्वारा 20 वें राज्य स्तरीय जूनियर व सीनियर जूडो स्पर्धा में दिनांक 28 से 30 दिसंबर को श्यामाचरण शुक्ला हॉल जगदलपुर में होने वाले प्रतियोगिता में होंगे शामिल बालिका का वजन समूह 48 किलो,52,57,63,70,78,78+

बालक 60 किलो, 66,73, 81, 90,100,100+

जूनियर एवं सीनियर के चयनित खिलाड़ियों का नाम इस प्रकार - जिला जूडो संघ के बालक वर्ग सीनियर कैटेगरी -66 दिनेश कुडियम जूनियर/सीनियर, विजय तालापल्ली -100केजी , सोनू पुनेम -73 केजी ,रामचन्द्रम एरोला 66 केजी, राधे रमन चौरासिया -81 केजी ,जूनियर बालिका वर्ग में स्पोर्ट्स अकादमी की लक्ष्मी तेलाम -48 केजी , रिंकी यालम -44 केजी, संगीता तेलम -48केजी, श्यामा एजां -52केजी , सविता यालम -57केजी , जूनियर बालक वर्ग रोशन पुजारी -55 केजी , ओनेस कुडियम -60केजी।

जिला जूडो संघ के संरक्षक कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, अध्यक्ष वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कमलोचन कश्यप बीजापुर के मार्गदर्शन में आयोजित जिला स्तरीय जूडो चयन प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाड़ियों को जिला जूडो संघ के सचिव भुवनलाल नागे एवं पदाधिकारीयों महेश दसर, शंकर लेकाम, एवं जिले के गणमान्य नागरिकों ने शुभकामनाएं दी ।

बीजापर में 21 एवं 22 को होगी एकलव्य विद्यालयों के बच्चों की खेल एवं बौद्धिक स्पर्धा

बीजापुर - नवप्रदेश। जिले के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के बच्चों की जिला स्तरीय खेलकूद, सांस्कृतिक एंव बौद्धिक प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 दिसम्बर को एजुकेशन सिटी बीजापुर में किया गया है। जिसमें एथलेटिक्स, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, तवा फेंक, भाला फेंक, कब्बडी, खो-खो, व्हालीबॉल, फुटबॉल, बेडमिंटन, तीरंदाजी खेल इवेंटस सहित वाद-विवाद, भाषण, निबन्ध, चित्रकला और एकल नृत्य, एकल गीत, सामूहिक नृत्य एवं सामूहिक गीत स्पर्धा होंगे। उक्त खेलकूद, सांस्कृतिक, बौद्धिक स्पर्धा के सफल संचालन हेतु सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजन समिति गठित की गयी है। वहीं बच्चों के आवास, भोजन, मंच-ध्वनि विस्तारक यंत्र, खेल सामग्री, पेयजल, चिकित्सा, विद्युत व्यवस्था आदि के लिए नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

बीजापुर में जिला स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न

बीजापुर - नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के युवाओं को खेलकूद, सांस्कृतिक एंव बौद्धिक गतिविधियों से जोड़ने एवं प्रतिभा को निखारने के लिए युवा महोत्सव का अयोजन किया गया है। यह युवा महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन सहित निखारने के लिए बेहतर मौका है। जहां एक-दूसरे से सीखने एवं समझने सहित बेहतर तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगा। यह बात कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं, गणमान्य नागरिकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों को मुख्य आतिथ्य की आसंदी से संबोधित करते हुए कही। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने कहा कि भारत युवाओं का देश है आज युवा हर क्षेत्र में सहभागिता निभाने सहित नये आयाम स्थापित कर रहे हैं और देश को निरतंर आगे लेकर जा रहे हैं। कलेक्टर श्री कटारा ने युवा महोत्सव में भाग लेने वाले सभी युवाओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां जिला स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन करें चयनित होकर संभाग स्तरीय युवा महोत्सव में बेहतर एंव उत्कृष्ट प्रतिभा दिखायेंगे तो राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा और जिले का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान जिला खेल अधिकारी श्री अमित योगी ने युवा महोत्सव आयोजन के प्रतिवेदन में बताया कि 17 दिसम्बर को जिले के सभी ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न हुआ और इस जिला स्तरीय युवा महोत्सव में करीब 300 प्रतिभागी 18 विभिन्न विधाओं में हिस्सा ले रहे हैं। आरंभ में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक श्री कमलोचन कश्यप् एंव अन्य अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया।

सखी के प्रयास से बुजुर्ग महिला का हुआ पारिवारिक एकीकरण

जांजगीर-चांपा। महिलाओं को घर के भीतर अथवा बाहर किसी भी प्रकार की हिंसा से निजात दिलाने हेतु जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर जांजगीर पिछले साढ़े चार वर्षों से लगातार कार्य कर रहा है। विगत दिनों सखी एक ऐसी बेसहारा महिला का सहारा बनी जो न केवल अत्यधिक वृद्ध थीं अपितु वे बड़ी मुश्किल से बातें सुन पातीं थीं।

84 वर्षीय वृद्ध सर्वाइवर डायल 112 को भटकती अवस्था में मिली थी। वृद्ध महिला के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं कर पा रही थी। डायल 112 के द्वारा सर्वाइवर को सखी कार्यालय अस्थाई आश्रय व अग्रिम कार्यवाही हेतु लाया गया। प्रारंभिक स्थिति में सर्वाइवर अत्यधिक परेशान व क्रोधित थीं। वह किसी पर विश्वास नहीं कर पर रही थी। सखी जांजगीर द्वारा तत्काल अस्थाई आश्रय प्रदान करते हुए पारिवारिक माहौल दिया गया। कुछ समय पश्चात सर्वाइवर सहज हुईं तथा स्टाफ पर भरोसा करने लगीं। तब सर्वाइवर की बातों को समझने के साथ-साथ उन्हे अपनी बातें समझाने का कार्य किया गया। निष्ठा से किये गये प्रयास का सकारात्मक परिणाम आना तय था। फलस्वरूप सखी के अथक प्रयासों से सर्वाइवर से संवाद करना सफल रहा। सर्वाइवर ने धीरे-धीरे अपना नाम, पता आदि जानकारी सखी के साथ साझा की। तब सखी को यह जानकारी मिली कि सर्वाइवर की दो बेटियां थी, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। सर्वाइवर अपने दामाद के साथ रहकर भिक्षावृत्ति कर अपने नातियों की देख-रेख करती है। किंतु कुछ दिनों पहले दामाद द्वारा सर्वाइवर को घर से निकाल दिया गया। सर्वाइवर अपने नातियों के साथ अपने दामाद के पास रहना चाहती थी। सर्वाइवर के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त होने के पश्चात सखी कार्यालय की टीम बिना समय नष्ट किये थाना-सक्ती से संपर्क कर उन्हे सर्वाइवर के साथ हुई संपूर्ण घटना की सूचना देते हुए एवं उनकी सहायता लेते हुए सर्वाइवर को लेकर उनके निवास स्थान पहुंची। जहां सर्वाइवर के दामाद की काउंसलिंग की गई। उन्हे उनके उत्तरदायित्वों से अवगत कराया गया तथा महिलाओं को प्राप्त कानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। सखी कार्यालय के प्रयासों के फलस्वरूप सर्वाइवर के दामाद को अपनी गलती का एहसास हुआ तथा उसने अपनी सास से माफी मांगी।

गर्म कपड़े बांटकर मनाया गया मंत्री डहरिया का जन्मदिन

जांजगीर-चाम्पा। प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया के जन्मदिन पर जिला कांग्रेस प्रवक्ता एवं एल्डरमेन रफिक्र सिद्धीकी के संयोजकत्व में नगर के वार्ड क्रमांक 04 में निवासरत जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं एवं बुजुर्गो को शाल कम्बल और मिठाई बाटकर डॉ. डहरिया के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घ जीवन और उज्वल भविष्य की कामना करते

हुए क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान लगभग 50 बुजुर्ग जरूरतमंद लोगो को गर्म कपड़ो का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ इंका नेता देवेश सिंह, प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश पैगवार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पप्पू शर्मा, सभापति विवेक सिसोदिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, एल्डरमेन हीरा उपाध्याय व मनोज कालू अग्रवाल, राजा सिद्धकी, बाबूलाल सेन, जिशान सिद्धकी फरीद खान, दीपक यादव सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

कोविड से सुरक्षा के लिए शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य

■ **जिले में शुक्रवार को 10 हजार 211 हितग्रहियों को लगा कोविड का टीका**

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला के मार्गनिर्देशन में कोविड से सुरक्षा टीका के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। जिले में 17 दिसंबर को 10 हजार 211 हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। इनमें 18 से 44 वर्ष वाले 7,928 हितग्राही और 45 वर्ष से अधिक आयु के 2,283 हितग्राही शामिल है। कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, पंचायत, नगरी निकाय सहित अन्य विभागों से समंवय कर शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कार्य योजना बनाई गई है। टीकाकरण से छूटे लोगों को टीका लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर टीका लगाया जा रहा है। साथ ही कोविड की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए। आवश्यक सावधानी के लिए प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं।

3 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त

सूरजपुर। दिनांक 18.12.2021 को देर रात्रि में गांजा परिवहन की सूचना मुखबीर के माध्यम से प्राप्त होने पर थाना प्रभारी भटगांव पुलिस टीम के साथ भटगांव क्षेत्र में घेराबंदी लगाकर एक बोलेरो को रोकवाया जिसमें अपराधी सवार थे जिसमें से कुछ लोग फरार हो गए, पुलिस ने 3 आरोपी मधुसुदन दास वैष्णव, कामता प्रसाद वैष्णव व उदल प्रसाद वैष्णव को पकड़ा जिनके कब्जे से 2 किलो 900 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 28 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन जप्त कर अपराध क्रमांक 198/21 धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए तीनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा गया। प्रकरण में फरार आरोपी की पतासाजी में पुलिस टीमें लगी हुई है।

थाना भटगांव में पंजीबद्ध एनडीपीएस एक्ट मामले के आरोपी गांजा तस्कर मधुसुदन दास वैष्णव का भाई अविनाश वैष्णव जिसके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज है ने एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में शामील एक आरक्षक को दिनांक 19.12.2021 को बसदेई क्षेत्र में ड्यूटी जाने के दौरान रास्ता रोककर अविनाश वैष्णव व उसके 3 अन्य साथी जो कार क्रमांक सीजी 29 एसी 2489 से पहुंचे थे सभी ने घेरकर आरक्षक को यह कहते हुए कि गांजा पकड़ते हो कहकर प्राणघातक हमला कर फरार हो गये। आरक्षक को घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।

इंद्रावती नदी से भैरमगढ़ नगरवासियों को मिलेगा शुद्द पीने का पानी और काबिज भूमि का पट्टा : मंडावी

बीजापुर/भोपालपटनम - नवप्रदेश। शनिवार को बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं बीजापुर के विधायक विक्रम शाह मंडावी ने नगर पंचायत भैरमगढ़ के सर्वांगीण विकास का घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि नगर पंचायत भैरमगढ़ के लोगों को आने वाले दिनों में इंद्रावती नदी से पीने का शुद्द पानी की आपूर्ति करने के साथ ही साथ क़ाबिज़ भूमि का पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि आगामी 23 दिसम्बर को भैरमगढ़ नगर में कांग्रेस की सिटी सरकार बनाने जा रही है। भैरमगढ़ नगर में नई सरकार बनने के बाद हमारी प्रतिबद्धताओं में प्रमुख रूप से सभी पात्र व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदाय कर पट्टाधारी व्यक्तियों के क़ाबिज़ संलग्न अतिरिक्त भूमि का व्यवस्थापन किया जाएगा और आबादी भूमि पर क़ाबिज़ लोगों को मालिकाना हक़ दिया जाएगा, भोपालपटनम नगर के सभी लोगों को भवन अनुज्ञा का सरलीकरण कर भवन अनुज्ञा की ऑनलाइन स्वीकृति प्रदाय किया जाएगा।

भोपालपटनम नगर के सम्पत्ति को फ्री-होल्ड करने की कार्यवाही की जाएगी, पूर्व में दिए गए पट्टों का आधिपत्य के आधार पर व्यवस्थापन रियायती दरों पर किया जाएगा, सभी को राशन कार्ड प्रदाय किया जाएगा, नगर में मेडिकल मोबाइल यूनिट की व्यवस्था कर घर पहुँच स्वास्थ्य सेवा दिया जाएगा साथ ही डायग्नोस्टिक एवं सर्व सुविधा युक्त पैथोलोजी सेवा सेंटर के अलावा धन्वन्तरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर का विस्तार किया जाएगा व नागरिकों के उचित देखभाल हेतु स्वास्थ्य कार्ड प्रदाय किया जाएगा। अपने विज्ञप्ति में विक्रम शाह मंडावी ने आगे कहा

कि भैरमगढ़ के शत-प्रतिशत घरों में शुद्ध पानी के कनेक्शनों की व्यवस्था जिससे नगर वासियों को रोज़ाना टेंकर वाले पानी से मुक्ति मिलेगी, नगर के हर वार्ड में छोटे छोटे चिल्ड्रन पार्क व ओपन जिम की स्थापना अनिवार्य रूप से किया जाएगा, सामुदायिक भवन, स्वावलंबी योजना के अंतर्गत दुकानों व स्मार्ट गुमटी बेरोज़गारों को कम दरों पर दिया जाएगा साथ महिला सशक्तिकरण को मजदूत करते हुए महिला समृद्धि बाज़ार का विस्तार किया जाएगा, फुटकर व्यापारियों व ठेले खोमचे वालों को वेंडर पोलिसी के तहत लाइसेन्स दिया जाएगा जिससे वे निर्बाद रूप से व्यापार कर सकेंगे।

उन्होंने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि भैरमगढ़ नगर के प्रत्येक सड़क, प्रत्येक गाली व मोहल्लों में बिजली के खम्भे स्ट्रीट लाइट लगाकर प्रकाश की समुचित व्यवस्था किया जाएगा, नगर पंचायत भैरमगढ़ के चिन्हित स्थलों में ÷पिंक़-टॉयलेट÷ की स्थापना किया जाएगा, भैरमगढ़ के नगरीय क्षेत्र के शासकीय शालाओं को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ उन्नयन किया जाएगा, स्वरोज़गार को बढ़ावा देने स्थानीय सामानों का विक्रय करने एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने नगरपंचायत भैरमगढ़ में सी-मार्ट की स्थापना किया जाएगा राज्य प्रवर्तित योजनाओं के महत्वपूर्ण कार्यों जैसे मुक्तिधाम, क़ब्रिस्तान, शहर सौंदर्यकरण, भोपालपटनम नगर के दोनो तालाबों का सौंदर्यकरण, गार्डन इत्यादि का अधिकाधिक विकास किया जाएगा।

अपनी प्राथमिकताओं को बताते हुए उन्होंने आगे कहा कि तालाब का सौंदर्यकरण, गवाररास तक सड़क निर्माण, बस स्टैंड चौक थाना के पास हाई मास्क लाइट की स्थापना, केदारबंद तालाब का गहरीकरण व मेड का चौड़ीकरण, भैरमगढ़ के समस्त नगरीय क्षेत्र में इंद्रावती नदी से शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था करने, भैरमगढ़ नगर में सर्वसुविधायुक्त पेट्रोल पंप की स्थापना, भैरमगढ़ नगर बाजार के पास अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस सुलभ शौचालयों का निर्माण, समस्त वार्डो में समाजिक भवन एवं समिदायिक भवनों का निर्माणों व बाउंड्रीवॉल का निर्माण के अलावा नगर पंचायत भैरमगढ़ के सर्वांगीण विकास एवं सौन्द्रीयकरण को आगे बढ़ाते हुए नगर के समस्त वार्डो के सभी सड़को, चौक चौराओ में बिजली के खम्बे लगाने के साथ साथ प्राथमिकता के साथ स्ट्रीट लाइट लगाया जायेगा जिससे प्रकाश की समुचित व्यवस्था होही।

किसानों से लूट... हर 40 किलो की बोरी में 1 से 2 किलो ज्यादा धान ले रहे प्रबंधक

किसान नेता ने पकड़ी गड़बड़ी, जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

बेमेतरा/नवप्रदेश। किसान नेता योगेश तिवारी विधानसभा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों में पहुंच कर खरीदी व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। तीन दिनों के भीतर 2 दर्जन से अधिक केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां बारदाना की उपलब्धता, धान के तौल समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान देवरबीजा खरीदी केंद्र में किसानों से ओवरवेट धान लेने की शिकायत मिली। सूचना पर किसान नेता अपने समर्थकों के साथ देवरबीजा खरीदी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्या से रूबरू हुए। इसके बाद उन्होंने करीब 100 से अधिक धान के कट्टों को तौल कर वजन की पुष्टि की। जहां उन्हें किसानों की शिकायत सही मिली। तौल में 1 से 2 किलो अधिक धान की मात्रा मिली। समिति कर्मियों के इस गड़बड़ी से किसानों में काफी रोष हैं। किसान नेता ने गड़बड़ी की शिकायत दूरभाष से कलेक्टर, जिला खाद्य अधिकारी व नोडल

अधिकारी से कर जिम्मेदार पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

शिकायत के बाद भी सुधार नहीं : इसके बाद मौके पर पंचनामा रिपोर्ट बनाई गई। जिसमें संबधित किसानों ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि खरीदी केंद्रों में इस तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था कि जिले के हर खरीदी केंद्र में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ धान की तौल बराबर की जाएं, क्योंकि बीते खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कई केंद्रों में भारी गड़बड़ी देखने को मिली थी। जहां किसानों से 4 से 5 किलो तक अतिरिक्त धान लिया जा रहा था।

क्या कहते हैं किसान नेता

किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि इस बार किसानों को गड़बड़ी का सामना न करना पड़े इसलिए प्रशासन को ज्ञापन सौंप अवगत कराया गया था। बावजूद कई खरीदी केंद्रों में तौल में गड़बड़ी की जा रही हैं। वहीं किसानों से राज्य सरकार की घोषणा के विपरीत जाकर 50 प्रतिशत से अधिक बारदाना लिया जा रहा। आने वाले दिनों में इस तरह की गड़बड़ी में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

वन भूमि पर अतिक्रमण, प्रशासन ने हटाया कब्जा

■ पीड़ित ने लगाया दुर्भावनावश बेदखली कार्यवाही का आरोप

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव वनमंडल द्वारा ग्राम कुसमा अंतर्गत वन परिक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के मामले पर पंचराम टंडन पिता मंगलू, लखमू टंडन पिता पंचराम एवं धंसराज टंडन पिता पंचराम द्वारा वन भूमि में किये कब्जे पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वन अपराध का प्रकरण दर्ज किया गया था। बेजाकब्जाधारियों को बार-बार वन भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए समझाईश दी गई थी, लेकिन उन्होंने कब्जा स्वयं से नहीं हटाया। जिस पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर 17 दिसम्बर को एसडीएम कोण्डागांव गौतम पाटिल सहित वन विभाग, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा स्थल पर पहुंचकर अवैध अतिक्रमित वन

भूमि में स्थापित किये गये झोपडी, मकान एवं फेसिंग घेरा को तोड़ते हुये अतिक्रमित वन भूमि 6.97 एकड को खाली कराया गया। इधर, प्रशासन की इस कार्रवाई पर बेजाकब्जाधारियों ने द्वेषपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया। 80 वर्षीय बुजुर्ग किसान ने कहा कि ग्राम कुसमा में उक्त भूमि पर उनके पूर्वज 77 वर्ष से काबिज है। वन भूमि में एकपक्षीय कार्यवाही करते जिला कलेक्टर एवं वन विभाग के द्वारा बर्बरता पूर्वक निवास मकान को तोड़फोड़ कर ठंड के महीने में बेदखल करना उचित नहीं है। वहीं पंचराम टंडन ने कहा कि जबरदस्ती पूरे काबिज भूमि को जेसीबी से बाउंड्री तार फेंसिंग को तोड़कर फेंका गया इसके साथ ही उनको बाहर निकालकर उनके पूरे बर्तन कपड़ा अन्य कृषि सामग्री, देवी-देवता की प्रतिमाओं को बर्बरता पूर्वक बाहर फेंक दिया गया। उनकी माने तो उनके निवास संबंधित एवं भूमि संबंधित दस्तावेज प्रकरणों को बना हुआ पट्टा दिखाने का प्रयास अधिकारियों को किया किया और वन विभाग के जिस आदेश के तहत कार्रवाई की जा रही थी उस अतिक्रमण भूमि को उन्होंने 2017 में छोड़ देने की बात कही। जहां वन विभाग द्वारा सीमांकन करते अलग किया गया है। बावजूद इसके उनके दूसरी काबिज जमीन पर तोड़फोड़ का आरोप पीड़ित ने लगाया है।

टीका तुंहर दुवारी : 21 को होगा कोरोना टीकाकरण का महाकुंभ, तैयारी शुरू

कबीरधाम/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण व इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की रोकथाम तथा इससे बचाव का प्रयास करते हुए संक्रमण की संभावित तीसरी लहर की आशंका के बीच जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने के लिए आगामी 21 दिसंबर को टीका तुंहर दुआरी नाम से कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा, जिसके लिए जिले के विभागीय अधिकारियों के मध्य बैठकों का दौर जारी है। कोविड-19 व इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से बचाव के लिए वर्तमान में कोविड टीकाकरण को ही कारगर माना जा रहा है। यही वजह है कि जिले के शत-प्रतिशत लोगों को जल्द से जल्द कोरोना टीका लगाकर सुरक्षित किया जा सके, इस उद्देश्य के साथ ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही है। जन जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। द्वितीय डोज के टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने हेतु शहरी क्षेत्र में भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से किया जा रहा है।

तुस्मा में गहराया पानी का संकट, शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं

जंजगीर-चांपा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत तुस्मा में सरपंच की ढोंग की वजह से महामाया चौक वार्ड क्रमांक 9 से 11 वार्ड के ग्रामीण एक-एक बूंद जल के लिए मोहताज है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 9 और 11 वार्ड के ग्रामीण दो सौ मीटर की दूरी तय करके पानी लेने पहुंचते हैं। सरपंच कोमल प्रसाद पटेल को पानी की समस्या को लेकर कई बार अवगत कराया जा चुका है। बावजूद सरपंच सिर्फऔर सिर्फ आश्वासन देते आ रहे। मजे की बात यह है कि सरपंच महामाया चौक वार्ड में ही रहते हैं, लेकिन उनके घर में स्वयं का जिनी बोर पंप होने की वजह से पानी की किल्लत नहीं है न ही लोगों की परेशानी समझ रहे। वार्डवासियों की मांगों पर सरपंच यही जवाब देते है की शासन से फंड आएगा तो पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन ये शब्द सुनते सुनते कई महीने बीत गए। वर्तमान में जहां से पानी ला रहे, वहां सुबह शाम पानी लेने के लिए लंबी लंबी कतारें लगा कर लाईन में खड़ा होना पड़ता है और बड़ी मशक्कत करने के बाद ही पानी मिलता है।

विवाद की स्थिति होती है पैदा

पानी लेने के लिए लंबी कतारें लग जाती है। पहले मैं पहले मैं के बीच होड़ लगी रहती है। इससे रोजाना विवाद की स्थिति पैदा हो रही है। वर्तमान में ठंड का मौसम होने की वजह से पानी बड़ी मशक्कत के बाद नसीब हो रही, लेकिन गर्मी में मोहल्लेवासियों की परेशानी चार गुनी बढ़ जाएगी। इससे सरपंच के खिलाफ लोगों में भारी आक्रोश है।

अब आंदोलन की कर रहे तैयारी

ग्रामीण भूपेंद्र पटेल ने बताया की पानी की समस्या को लेकर सरपंच को कई बार अवगत कराया गया। बावजूद सरपंच द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पानी की व्यवस्था की जाए। नहीं तो आने वाले दिनों में प्रशासन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जवाबदेही प्रशासन की होगी।

डीईओ को निलंबित करने की मांग, सामग्री खरीदी में लगा है गड़बड़ी का आरोप

राजनांदगांव। अन्य जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी निलंबित हो रहे, लेकिन राजनांदगांव डीईओ पर राज्य सरकार कुछ खास मेहरबान है। बालोद डीईओ को अनुकंपा नियुक्ति में पैसे के लेन-देन के प्रकरण में निलंबित किया गया तो बेमेतरा में प्रयोग शालीय सामाग्री खरीदी में अनियमितता पाए जाने पर, वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में नियुक्ति में गड़बड़ी हुई तो जशपुर के जिला शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया गया, लेकिन नांदगांव जिले के शिक्षा विभाग में विगत 19 महीनों में वेतन, फर्नीचर घोटाला, बर्तन, सामाग्री खरीदी, अनुकंपा नियुक्ति, ट्रांसफर-पोस्टिंग घोटाला, प्रतिनियुक्ति घोटाला हुआ जिसकी अनेकों लिखित शिकायत दस्तावेजी साक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से लेकर प्रमुख सचिव तक की गई। संभागीय कमीश्नर से लेकर शिक्षा संभाग संयुक्त संचालक तक शिकायत हुई, जांच के आदेश भी दिए गए, लेकिन जांच तक नहीं हुआ। कार्यवाही करने मुख्यमंत्री कार्यालय ने स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित भी किया, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। मुख्यमंत्री के कार्यालय से जारी आदेश पर कार्यवाही नहीं होना समझ से परे है। विधानसभा के मानसून सत्र हो या शीतकालिन सत्र बर्तन खरीदी का मामला हो या अनुकंपा नियुक्ति हो या बंद प्रायवेट स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की जानकारी, जान-बूझकर मिथ्या और भ्रामक जानकारी दे दिया गया। जबकि छग विधानसभा में मिथ्या या भ्रामक जानकारी देना गंभीर प्रवृत्ति का अधराध है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि कानून से बड़ा कोई नहीं है, जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव हेतराम सोम द्वारा की जा रही वित्तीय अनियमित्ता ओर भ्रष्टाचार के संबंध में सभी जिम्मेदार उच्च अधिकारियों को दस्तावेजी साक्ष्य दिया जा चुका है।